स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, शनिवार
6 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 6
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 284 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net



अस्त हुआ 'सूर्या' श्रेयस के सिर सजा ताज


**यूपी में हरियाली का महाअभियान, नौ वर्षों में रोपे गए 242 करोड़ पौधे**

# वृक्षारोपण में यूपी ने मिसाल कायम की : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पर्यावरणीय उपलब्धियों का ब्यौरा साझा किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले नौ वर्षों के दौरान प्रदेश

- मुख्यमंत्री बोले प्रदूषण के कारकों को रोकना भी जरूरी
- सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों पर भी आगाह किया

में वन महोत्सव और विभिन्न अभियानों के जरिए रिकॉर्ड 242 करोड़ से अधिक पौधे सफलतापूर्वक रोपे जा चुके हैं। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। वर्ष 2017 के शुरुआती दिनों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जब हमारी सरकार ने पहली बार 5 करोड़ पौधे लगाने का




संकल्प लिया था, तब हमारे सामने कई व्यावहारिक दिक्कतें थीं। न तो पर्याप्त नर्सरी थीं और न ही इतने बड़े पैमाने पर काम करने का पुराना अनुभव। लेकिन वन विभाग और सरकार के साझा प्रयासों से आज यूपी ने एक मिसाल कायम की है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन वर्ष पहले शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान की कड़ी को उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों पर बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि केवल पेड़ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि प्रदूषण के कारकों को रोकना भी जरूरी है। राज्य सरकार ने प्लास्टिक को हतोत्साहित करने के लिए माटी कला बोर्ड के जरिए कुम्हार और प्रजापति समाज को मजबूत किया है। गांवों के तालाबों से मुफ्त मिट्टी उपलब्ध कराने और सोलर चाक बांटने जैसे कदमों से मिट्टी के बर्तनों का चलन बढ़ा है, जो प्लास्टिक का एक बेहतरीन और सुरक्षित विकल्प है। सीएम योगी ने कहा कि हमें पानी बचाने के लिए काम करना होगा। इसलिए हमने हर घर नल की योजना को बढ़ाया। पता चला कि कोई टोटी चोरी कर रहा है। कोई अन्य तरह से उसका नुकसान कर रहा है। खुला है तो खुला हुआ है। यह कहते हुए सीएम मुस्कुराने लगे। उन्होंने कहा-अगर कोई नल खुला छोड़कर जाए तो उसे टोकना चाहिए। समाज के लोगों का दायित्व है कि वे सरकारी संपत्तियों का नुकसान करने वालों को रोकें।

### कुकरैल में खुद सीएम योगी ने लगाए पौधे

पर्यावरण दिवस के मौके पर आज उत्तर प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों और सभी ग्राम पंचायतों में बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कुकरैल वन क्षेत्र में 200 से अधिक पौधे लगाकर इस अभियान की अगुवाई की। एक्सप्रेसवे, हाईवे, अमृत सरोवरों और नहरों के किनारे खाली जमीनों पर ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि और नगर विकास विभाग के सहयोग से पौधे लगाए जा रहे हैं।

# चौथी तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जीडीपी वृद्धि दर

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी तेज रफ्तार साबित करते हुए शानदार विकास दर दर्ज की है। सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए ताजा आंकड़ों ने

- पूरे वित्त वर्ष में 7.7 प्रतिशत की शानदार बढ़त

अर्थव्यवस्था की मजबूत तस्वीर पेश की है, जिसके मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही है। इस दमदार तिमाही प्रदर्शन के दम पर पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की समग्र आर्थिक विकास दर 7.7 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गई है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को ये अहम आर्थिक आंकड़े जारी किए गए। इन आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था ने 7.7 प्रतिशत की दर से विस्तार किया है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की विकास दर के मुकाबले काफी बेहतर है। यह गति स्पष्ट करती है कि देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है,




जिससे विकास को लगातार समर्थन मिल रहा है। सरकारी अनुमानों के आधार पर रियल जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर जीडीपी के वित्त वर्ष 2025-26 में 323.12 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2024-25 के 299.89 लाख करोड़ रुपये के पहले संशोधित अनुमान (एफआरई) के मुकाबले एक बड़ी वृद्धि को दर्शाता है। स्थिर कीमतों पर यह मजबूती दिखाती है कि अर्थव्यवस्था का बुनियादी ढांचा विस्तार ले रहा है।

मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नॉमिनल जीडीपी (वर्तमान कीमतों पर) के मोर्चे पर भी अर्थव्यवस्था ने अपनी रफ्तार कायम रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 में नॉमिनल जीडीपी के 346.36 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, जबकि इसके मुकाबले वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 318.07 लाख करोड़ रुपये पर दर्ज किया गया था। यह स्पष्ट रूप से 8.9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर को रेखांकित करता है। जीडीपी के ये आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था सही दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। 7.8 प्रतिशत की मजबूत तिमाही वृद्धि और 7.7 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर न सिर्फ भारतीय बाजारों के लिए एक सकारात्मक संकेत है, बल्कि यह देश के लगातार बढ़ते आर्थिक परिदृश्य को भी मजबूती प्रदान करता है।

# पूर्व भाजपा नेता अन्नामलाई ने किया नई पार्टी का एलान

**चेन्नई।** पूर्व तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा देने के बाद अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा

- कहा- हम एक आंदोलन शुरू करने जा रहे

की। उन्होंने कहा कि वह एक नए राजनीतिक आंदोलन की शुरुआत कर रहे हैं, जो आगे चलकर एक नई पार्टी का रूप लेगा। सोशल मीडिया एक्स के जरिए जनता को संबोधित करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि आज से एक नया रास्ता, एक नया आंदोलन और एक नई राजनीतिक यात्रा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक लक्ष्य अब पहले से बड़े हो गए हैं और उन्हें अधिक लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ना है। अन्नामलाई ने दावा किया कि भाजपा में रहते हुए उन्होंने कभी भी तमिलनाडु की पहचान, संस्कृति और राज्य के जल अधिकारों जैसे मुद्दों पर समझौता नहीं किया।

भाजपा छोड़ने के अपने फैसले को लेकर उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन्होंने पूरी गरिमा और सम्मान के साथ लिया है ताकि तमिलनाडु में एक नई तरह की राजनीति की शुरुआत की जा सके।

# भारत ने दशकों तक अमेरिका का फायदा उठाया : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रम्प ने दावा किया कि अब स्थिति

- अब हम टैरिफ से खूब कमा रहे, फिर भी डील करेंगे क्योंकि मुझे मोदी पसंद हैं

बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है।

ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता भी हो सकता है,



क्योंकि मैं मोदी को बहुत पसंद करता हूं। मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारे संबंध अच्छे हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं।

ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है। दोनों देश एक अस्थायी व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि व्यापार से जुड़े कुछ मुद्दों का जल्द समाधान किया जा सके। भारत के वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि बातचीत सकारात्मक रही है और दोनों देश ऐसा समझौता करना चाहते हैं जिससे भारत और अमेरिका, दोनों को फायदा हो। यानी दोनों पक्ष अभी भी व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। समझौतों को लेकर बातचीत के बीच एक नई मुश्किल भी खड़ी हो गई है। अमेरिका ने कुछ देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि ये देश जबरन मजदूरी से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। इस प्रस्तावित सूची में भारत का नाम भी शामिल है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो अमेरिका जाने वाले भारतीय सामान पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो सकते हैं और निर्यातकों पर असर पड़ सकता है। भारत सरकार का कहना है कि अभी इस अतिरिक्त शुल्क को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। अमेरिका पहले इस प्रस्ताव पर लोगों और संबंधित पक्षों की राय लेगा, उसके बाद ही अंतिम निर्णय करेगा।

# यूपी : छह आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय ने शुक्रवार को 6 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया, जिनमें एक आईजी और छह

- पूनम को मिर्जापुर व यमुना को कानपुर रेंज की जिम्मेदारी

डीआईजी शामिल हैं। देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) में तैनाती के बाद उनकी जगह सीआईडी में डीआईजी अशोक कुमार चतुर्थ को भेजा गया है। अमित पाठक को राज्य सरकार जल्द एनएसजी के लिए कार्यमुक्त कर सकती है। इसी तरह मिर्जापुर रेंज के डीआईजी राकेश प्रकाश सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद पीटीएस मेरठ की प्रधानाचार्य पूनम को मिर्जापुर भेजा गया है। कानपुर रेंज की जिम्मेदारी पीटीएस मुरादाबाद के डीआईजी यमुना प्रसाद को सौंपी गई है। कानपुर रेंज के डीआईजी हरीश चन्दर को भ्रष्टाचार निवारण संगठन भेजा गया है। सीआरपीएफ से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की अवधि पूरी किए बिना वापस भेजे गए रवि शंकर छवि को डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी लोक शिकायत बनाया गया है। वह वापस आने के बाद से प्रतीक्षारत चल रहे थे। वहीं भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तैनात डीआईजी सचिंद्र पटेल को आगरा कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है।

# एआई सेक्टर का नया हब बनेगा भारत : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को लेकर दुनिया की बड़ी कंपनियों का भरोसा लगातार

- दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत में आकार ले रही

बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर यात्रा तेजी से आगे बढ़ रही है और अब वैश्विक कंपनियां भारत को भविष्य के बड़े टेक्नोलॉजी केंद्र के रूप में देख रही हैं। इसी कड़ी में



एयरट्रंक ने भारत में करीब 3 लाख करोड़ रुपये यानी 30 अरब डॉलर निवेश करने की योजना का ऐलान किया है। कंपनी देश में 5 गीगावॉट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करेगी। इसे भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अब तक के सबसे बड़े प्रस्तावित निवेशों में माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह निवेश भारत को क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के वैश्विक केंद्र के रूप में मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के बड़े निवेश से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय सप्लाई चेन को भी मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था का अहम केंद्र बनता जा रहा है।

# मणिपुर में महिला समेत तीन लोगों की हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले के एक गांव में सशस्त्र हमलावरों ने एक महिला सहित तीन लोग को मार गिराया। यह घटना शुक्रवार की सुबह की है। एक अधिकारी ने बताया कि जिले के सैतु-गाम्फाजोल उपमंडल के लोइबोल खुल्लेन गांव में तड़के करीब 4 बजे हुए हमले के दौरान आग लगने से कम से कम सात घर जलकर खाक हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच कई मिनट तक चली गोलीबारी में तीनों की मौत हो गई, जिसके चलते ग्रामीण पास के वन क्षेत्रों में शरण लेने के लिए भाग गए।

# 'अर्थव्यवस्था मजबूत, चुनौतियों को अवसर बनाएंगे'

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी मौद्रिक नीति में ब्याज दरों को भले ही स्थिर रखा हो, लेकिन वैश्विक चुनौतियों और बढ़ती

- रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों को यथावत रखा
- देश में अधिक पूंजी प्रवाह की उम्मीद
- करेंसी नोट पेश करने के प्रस्ताव पर हो रहा विचार

महंगाई के बीच देश की अर्थव्यवस्था को लेकर एक बड़ा और आश्वस्त करने वाला संदेश दिया है। शुक्रवार को मुंबई में मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ किया कि भारत की आर्थिक स्थिति बेहद मजबूत है और केंद्रीय बैंक मौजूदा चुनौतियों को भविष्य के लिए खुद को और मजबूत करने के अवसर में बदलने को लेकर आश्वस्त है। आरबीआई ने ब्याज दरों में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने वित्तीय वर्ष 2027 के लिए अपने महंगाई दर के अनुमान में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद यह आंकड़ा 5.1 प्रतिशत हो गया



है। इसके बावजूद, गवर्नर मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि आरबीआई का चार प्रतिशत महंगाई का लक्ष्य अभी भी बरकरार है और इसे टाला नहीं गया है। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि आरबीआई केवल तभी ब्याज दरों में बढ़ोतरी करेगा जब महंगाई लगातार बनी रहेगी और व्यापक रूप ले लेगी। अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए आरबीआई और सरकार द्वारा उठाए गए नए नीतिगत कदमों से देश में अधिक विदेशी पूंजी प्रवाह की उम्मीद है। गवर्नर ने कहा कि इन उपायों के माध्यम से पूंजी प्रवाह के लिए कोई विशेष लक्ष्य तय नहीं किया गया है, लेकिन इसका उद्देश्य पूंजी निवेश को बढ़ाना है।

# 'मानवता और न्याय के सामने एआई सबसे बड़ी कानूनी चुनौती'

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एआई को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि एआई अब केवल एक कल्पनात्मक तकनीक नहीं, बल्कि एक वास्तविकता बन चुकी है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के सामने

- सीजेआई बोले- इस दशक के फैसले तय करेंगे भविष्य

सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस दशक में लिए जाने वाले निर्णय तकनीक, शक्ति, स्वतंत्रता और न्याय के बीच भविष्य के संबंधों को निर्धारित करेंगे। ब्रिटेन के बर्कबेक, लंदन विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इंटरनेशनल लॉ विषय पर आयोजित सार्वजनिक व्याख्यान में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि तकनीक न तो स्वभाव से अच्छी होती है और न ही बुरी। इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि समाज उसे किस कानूनी, राजनीतिक और नैतिक ढांचे के भीतर उपयोग करता है। कानून की जिम्मेदारी तकनीकी



प्रगति का विरोध करना या उसके सामने बिना सवाल झुक जाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि तकनीकी शक्ति संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक वैधता और मानवीय गरिमा के प्रति जवाबदेह बनी रहे। उन्होंने कहा कि एआई शासन, व्यापार, युद्ध, संचार, सार्वजनिक प्रशासन और यहां तक कि न्यायिक एवं संप्रभु शक्तियों के इस्तेमाल को भी तेजी से प्रभावित कर रहा है। सरकारें अब कल्याणकारी योजनाओं के आवंटन, आव्रजन आवेदनों के मूल्यांकन, सीमा निगरानी, वित्तीय नियमन और पुलिसिंग जैसे कार्यों में एल्गोरिदमिक प्रणालियों का उपयोग कर रही हैं।

## लोकसभा में जाएंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो ममता बनर्जी लोकसभा में जाने पर विचार कर रही हैं, क्योंकि पार्टी के निचले सदन में असहमति की खबरें आ रही हैं। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल विधानसभा के 2026 चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हाथों उनकी पार्टी की हार के बाद सामने आया है, जहां उन्हें केवल 80 सीटें मिली थीं। खबरों के मुताबिक, टीएमसी सांसद यूसुफ पठान को बहरामपुर लोकसभा सीट खाली करने के लिए कहा जा सकता है ताकि बनर्जी को निचले सदन में जाने का रास्ता मिल सके। पठान, जो 2011 विश्व कप विजेता टीम के पूर्व भारतीय क्रिकेटर हैं, ने 2024 के संसदीय चुनावों में बहरामपुर सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी को लगभग 85,000 वोटों के अंतर से हराया था।

## शिमला सहित हिमाचल में भूकंप के तेज झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में शुक्रवार रात करीब 10:04 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 आंकी गई। भूकंप का केंद्र चंबा जिले में 32.289 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.434 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जबकि इसकी गहराई मात्र 5 किलोमीटर दर्ज की गई, जिसके कारण झटके अपेक्षाकृत अधिक महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से यह जानकारी दी गई है। भूकंप के झटकों से शिमला, कांगड़ा, कुल्लू और चंबा जिले व आसपास के कई क्षेत्रों में लोग इस दौरान घरों से बाहर निकाल आए। देर रात तक किसी बड़े जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली। चंबा जिला भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में आता है और पहले भी यहां कई बार भूकंप दर्ज किए जा चुके हैं।

## विश्व बैंक में डायरेक्टर बने नीलकंठ मिश्रा

**नई दिल्ली।** इकोनॉमिस्ट और मार्केट स्ट्रैटेजिस्ट नीलकंठ मिश्रा को वर्ल्ड बैंक में भारत का नया एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंजूरी दी है। वह वॉशिंगटन स्थित वर्ल्ड बैंक के हेडक्वार्टर में 3 साल तक भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मिश्रा मौजूदा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर परमेश्वरन अय्यर की जगह लेंगे। जब तक नीलकंठ मिश्रा अपना पद नहीं संभाल लेते, तब तक अय्यर का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। भारत के लिए इस पद को इकोनॉमिक डिप्लोमेसी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए ग्लोबल डेवलपमेंट फाइनेंसिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट और इकोनॉमिक ग्रोथ जैसे मुद्दों पर होने वाली चर्चाओं में मदद मिलती है।

**रिपोर्ट** — हर साल 86 करोड़ से अधिक लोग बीमार, 15 लाख मौतें

# दूषित भोजन वैश्विक संकट, बच्चों पर सबसे ज्यादा खतरा

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की नई रिपोर्ट ने खाद्य सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। रिपोर्ट के अनुसार दूषित और असुरक्षित भोजन के कारण दुनिया भर में हर साल लगभग 86.6 करोड़ लोग बीमार पड़ते हैं, जबकि करीब 15 लाख लोगों की मौत हो जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस संकट का सबसे अधिक असर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर पड़ रहा है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक स्तर पर तत्काल और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे दुनिया की आबादी का केवल लगभग 9 प्रतिशत हैं, लेकिन भोजनजनित बीमारियों के करीब एक-तिहाई मामलों का बोझ इन्हीं पर पड़ता है। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होने के कारण वे संक्रमण व विषैले तत्वों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।



डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दूषित भोजन से होने वाले डायरिया जैसे संक्रमण बच्चों में तेजी से फैलते हैं और कई मामलों में जानलेवा साबित हो सकते हैं। वहीं भोजन में मौजूद सीसा और मिथाइलमरकरी जैसे जहरीले तत्व बच्चों के मस्तिष्क के विकास को प्रभावित कर सकते हैं। इससे उनकी सीखने की क्षमता, मानसिक विकास और दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**बैक्टीरिया, वायरस और रसायन बने बड़ी वजह**

रिपोर्ट में भोजनजनित बीमारियों के दो प्रमुख कारण बताए गए हैं। जैविक और रासायनिक खतरे। जैविक खतरों में बैक्टीरिया, वायरस और परजीवी शामिल हैं, जो अधिकांश बीमारियों के लिए जिम्मेदार पाए गए। वर्ष 2021 में लगभग 86 करोड़ मामले ऐसे ही संक्रमणों से जुड़े थे। दूसरी ओर, रासायनिक प्रदूषण के मामले संख्या में कम होने के बावजूद अधिक घातक साबित होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में दूषित भोजन से हुई कुल मौतों में लगभग 73 प्रतिशत मौतें रासायनिक तत्वों के कारण हुईं।

**अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान**

असुरक्षित भोजन का प्रभाव केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भोजनजनित बीमारियों की वजह से हर साल लगभग 310 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होता है। विभिन्न देशों की जीवन-यापन लागत और क्रय शक्ति को ध्यान में रखने पर यह नुकसान बढ़कर लगभग 647 अरब डॉलर तक पहुंच जाता है।यह आर्थिक बोझ इलाज पर होने वाले खर्च, कामकाज में रुकावट और उत्पादकता में कमी के रूप में सामने आता है।

**अफ्रीका व दक्षिण पूर्व एशिया पर सबसे भारी बोझ**

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, भोजनजनित बीमारियों का प्रभाव सभी क्षेत्रों में समान नहीं है। अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। दुनिया भर में दर्ज लगभग तीन-चौथाई मामलों और 60 प्रतिशत से अधिक मौतों का बोझ इन्हीं क्षेत्रों पर है।रिपोर्ट बताती है कि सुरक्षित खाद्य आपूर्ति की कमी, स्वच्छ पेयजल तक सीमित पहुंच, कमजोर स्वच्छता व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी इस स्थिति के प्रमुख कारण हैं।

# उन्नाव समाचार

## युवती हत्याकांड में बड़े खुलासे, अस्पताल सील मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार, जांच तेज

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- युवती की हत्या के मामले की जांच में लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं। प्रारंभिक जांच में युवती के मानसिक एवं शारीरिक शोषण से जुड़े गंभीर आरोपों की पुष्टि हुई है। मामले में कानपुर की बर्रा पुलिस ने मुख्य आरोपी देवकांत उत्तम और उसके भतीजे विवेक पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, शुक्रवार को उन्नाव स्वास्थ्य विभाग ने शेखपुर नहर स्थित उत्तम हॉस्पिटल को सील कर दिया। पुलिस के अनुसार, युवती 2024 से उन्नाव के प्रियदर्शिनी नगर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। 10 फरवरी 2026 को वह दवा लेने के लिए शेखपुर स्थित निजी अस्पताल गई थी, जहां उसकी मुलाकात अस्पताल प्रबंधक देवकांत उत्तम से हुई। इसके बाद दोनों के बीच संपर्क बढ़ने और शादी का झांसा देकर विश्वास में लेने के आरोप सामने आए हैं।जांच में यह भी सामने आया है कि युवती का शारीरिक शोषण किया गया तथा उसके आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाए गए, जिनके जरिए उसे धमकाने और दबाव बनाने के आरोप हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश के ओरछा स्थित एक होटल में भी दुष्कर्म के आरोपों की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी सामने आया है कि युवती दो बार गर्भवती हुई थी और दोनों बार गर्भपात कराए जाने के रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि 19 मई 2026 को शिकायत देने के बावजूद तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं हुई, जबकि 23 मई को युवती का शव बरामद हो चुका था और एफआईआर 24 मई को दर्ज की गई। इस पहलू की भी जांच की जा रही है। जांच के दौरान एक और खुलासा हुआ है कि आरोपी के करीबी विवेक पटेल द्वारा अपहरण और हमले की जो कहानी बताई गई थी, वह पूरी तरह मनगढ़ंत थी। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि जांच को गुमराह करने के लिए यह झूठी कहानी गढ़ी गई थी, जिसके बाद उसे भी जेल भेज दिया गया। उधर, स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल संचालन में अनियमितताओं की आशंका के चलते शेखपुर नहर स्थित उत्तम हॉस्पिटल को सील कर दिया है और लाइसेंस व दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। मृत युवती सफीपुर क्षेत्र की मूल निवासी थी। परिजनों के अनुसार, लगभग छह वर्ष पूर्व उसके पिता की आत्महत्या के बाद परिवार कानपुर शिफ्ट हो गया था। बेटी की मौत से परिवार एक बार फिर गहरे सदमे में है। पुलिस और जांच एजेंसियां मोबाइल डेटा, सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा है कि सभी तथ्यों के आधार पर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही पर सीएचसी अधीक्षक का बड़ा एक्शन, 44 कर्मचारियों को नोटिस

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव- आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने में बरती जा रही लापरवाही पर हसनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. नितिन श्रीवास्तव ने 22 एएनएम और 22 सुपरवाइजरों सहित कुल 44 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधीक्षक ने सभी संबंधित कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक आयुष्मान भारत योजना का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में हुई समीक्षा में कई क्षेत्रों में कार्ड निर्माण की प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई, जिससे योजना के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी के चलते यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और जीवनदायिनी योजना है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अब योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सख्ती बढ़ा दी है और सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## युवक का शव झूलते बिजली तारों के नीचे मिला, करंट की चपेट में आने की आशंका

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गद्दिनखेड़ा में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब घर से शौच के लिए निकले एक युवक का शव गांव के बाहर झूलते विद्युत तारों के नीचे पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गूंजा हरियाली का संदेश, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में हुआ पौधरोपण



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हाईवे स्थित मखदूमपुर वन विभाग की पौधशाला में प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान के तहत ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक ब्रजेश रावत, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, रेंजर हिमन्द्री कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, एसडीओ संदीप कुमार एवं फारेस्टर जितेंद्र पांडेय सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने हरिशंकरी पौध का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि पेड़ ही जीवन का आधार हैं, इसलिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कहा कि जनपद की 26 पौधशालाओं में इस वर्ष लगभग 93 लाख पौधे तैयार किए गए हैं, जिनमें से करीब 56 लाख पौधे ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किए जाएंगे। उन्होंने इसे पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। विधायक ब्रजेश रावत ने कहा कि ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान न केवल भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण की गारंटी भी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित करने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## पीसीएस-2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी ने संभाला नायब तहसीलदार का कार्यभार, पुरवा तहसील में हुआ स्वागत

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवा उन्नाव- उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित पीसीएस-2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी भारत सिंह ने शुक्रवार को तहसील पुरवा में नायब तहसीलदार के पद का कार्यभार ग्रहण किया। यह उनकी तहसील पुरवा में पहली तैनाती है। कार्यभार ग्रहण करने पर तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनके सफल प्रशासनिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने नवागत अधिकारी को तहसील की कार्यप्रणाली, राजस्व व्यवस्था एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जनहित को प्राथमिकता देने पर बल दिया। कार्यभार संभालने के बाद नायब तहसीलदार भारत सिंह ने तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।

## विश्व पर्यावरण पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने पौधा रोपण किया



**मौरावा उन्नाव** नगर पंचायत अध्यक्ष के अगुवाई मे विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण मोतेश्वर मंदिर मे नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने किया स कुंवर विवेक सेठ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर वृक्षारोपण करके जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास से मनायास नगर अध्यक्ष ने बताया कि पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी प्रकृति बचेगी तो जीव भी बचेगा हर एक नागरिक का दायुत्व बनता है कि मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करें पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर आयोजित एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दियास स्वस्थ पर्यावरण भविष्य में आने वाली पीढियां के सुरक्षित करने के लिए हम सभी का कर्तव्य है अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनका संरक्षण करें मौरावा नगर पंचायत में नगर पंचायत में पेड़ लगाए गये इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता मदन चौरसिया रानू दीक्षित संजय पाल विवेक सोनी विंदा प्रसाद लोधी सेक्टर संयोजक प्रदीप चौरसिया सेक्टर संयोजक ने संदेश दिया एक पेड़ मां के नाम भी पेड़ लगाए नगर पंचायत क्लर्क मधुकर द्विवेदीएअरुणएसरवन अमितए शुभम सिंहएसुनील सिंह राजीव सिंहएप्रिंस पाठक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहेस

## जीएसटी विभाग का व्यापारी संवाद कार्यक्रम, कर अनुपालन और डिजिटल प्रक्रियाओं की दी जानकारी

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- नगर पंचायत कार्यालय के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में जीएसटी विभाग उन्नाव द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की कर संबंधित समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना एवं उनमें विभाग के प्रति विश्वास बढ़ाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त जीएसटी, उन्नाव पंकज कुमार द्वारा जीएसटी करदाताओं को जीएसटी पोर्टल, ई इन्वॉइसिंग, रिटर्न फाइलिंग एवं इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई एवं नियम 14 ए के प्रावधानों से व्यापारियों को अवगत कराया गया। व्यापारियों को बिना किसी प्रीमियम राशि के संचालित विभाग की व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के बारे में भी जानकारी दी गयी। उनके द्वारा जीएसटी लेने के फायदों पर विस्तार से बताया गया। उन्होंने अपंजीकृत व्यापारियों से अपील की वे जल्दी से जल्दी जीएसटी रेजीम में पंजीकृत होकर उसका लाभ उठायें। कार्यक्रम को सहायक आयुक्त जीएसटी प्रशान्त द्विवेदी ने पंजीयन की प्रक्रिया को समझाते हुए पंजीयन के लिए आवश्यक प्रपत्रों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने व्यापरियों से अपील की कि वे समय पर अपना रिटर्न फाइल करना सुनिश्चित करें और माल के परिवहन के समय माल की प्रॉपर इनवॉइस, ई-वे बिल एवं अन्य आवश्यक कागजात जरूर रखें। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा व्यापार स्थल के भौतिक सत्यापन के समय व्यापारियों द्वारा जरूरी दस्तावेज दिखाने की बात कही गई। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारी-बंधुओं की बड़े पैमाने पर भागीदारी रही। इसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष व्यापार मंडल नवाबगंज लालता प्रसाद तिवारी, अधिवक्ता अमर वर्मा, राघवेंद्र प्रताप एवं आयुष गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रखर तिवारी, जगदीश प्रसाद, सोमिल गुप्ता, कमलेश कुमार, मधुकर सिंह, राकेश तिवारी, प्रदीप वर्मा, सत्य प्रकाश गुप्ता सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।



## विशेष पशु टीकाकरण अभियान, लम्पी व अन्य संक्रामक रोगों से बचाव पर जोर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव- पशुओं को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को हसनगंज क्षेत्र में विशेष पशु टीकाकरण अभियान चलाया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कनौजिया के नेतृत्व में तीन सदस्यीय पशु चिकित्सकों की टीम ने कांजी हाउस निंदेमऊ तथा न्योतनी कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर संरक्षित पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए उन्हें लम्पी, खुरपका-मुंहपका सहित विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव के टीके लगाए। अधिकारियों ने गौशालाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं देखभाल को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कनौजिया ने पशुपालकों को जागरूक करते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ पशु न केवल बेहतर दुग्ध उत्पादन देते हैं, बल्कि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी पशुपालकों से शासन द्वारा संचालित निःशुल्क टीकाकरण अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अपने पशुओं का नियमित टीकाकरण कराने की अपील की। अभियान के दौरान ओमेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर सभासद का अनोखा विरोध, नगर पालिका ईओ कार्यालय में दंडवत प्रदर्शन



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- नगर पालिका क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग को लेकर एक अनोखा मामला सामने आया। वार्ड नंबर 10 कटरा द्वितीय के सभासद हरिओम तिवारी ने अपने वार्ड की सड़क बनवाने की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय में अनोखा विरोध दर्ज कराया। लगातार चार माह से करीब एक दर्जन पत्र सौंपने के बावजूद कार्यवाही न होने पर सभासद ने शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी के समक्ष दंडवत होकर अपनी मांग रखी।खास बात तो यह है कि सभासद के नतमस्तक होने के बाद भी अधिशासी अधिकारी का दिल नहीं पसीजा और कहा कि प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे। बीते गुरुवार को वार्ड नंबर 10 कटरा द्वितीय के सभासद हरिओम तिवारी अपने वार्ड की एक सड़क बनवाने की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। बताया जाता है कि पिछले चार माह से वह सड़क निर्माण के लिए अधिशाषी अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को करीब एक दर्जन पत्र सौंप चुके हैं और बार-बार पालिका प्रशासन को याद भी दिलाते चले आ रहे हैं। इसके बावजूद सड़क निर्माण की फाइल आगे बढ़ती नजर नहीं आ रही है। आखिरकार बीते गुरुवार को सभासद का सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने वह तरीका अपनाया जो आमतौर पर मंदिरों में देखा जाता है। वह सीधे अधिशाषी अधिकारी गुंजन गुप्ता के कक्ष में पहुंचे और साष्टांग दंडवत होकर प्रार्थना शुरू कर दी। यह देखकर कार्यालय में मौजूद कर्मचारी हक्के-बक्के रह गए। सभासद जमीन पर लेट कर बार-बार गुहार लगाते रहे मैडम मेरे वार्ड की सड़क बनवा दो... मैडम मुझे जनता को जवाब देना पड़ता है। उधर अधिशासी अधिकारी उन्हें कुर्सी पर बैठने के लिए कहती रहीं। मगर सभासद को शायद डर था कि कुर्सी पर बैठते ही उनकी विकास कार्य की फाइल फिर कहीं ठंडे बस्ते में ना चला जाए। कुछ लोगों का कहना था कि अगर विकास कार्यों के लिए अब दंडवत प्रदर्शन की परंपरा शुरू हो गई तो आने वाले दिनों में नगर पालिका परिसर लोकतांत्रिक योग शिविर जैसा दिखाई दे सकता है। हालांकि अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता का कहना है कि नगर विकास के लिए जो भी धनराशि प्राप्त होती है, उससे सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाते हैं। सड़क निर्माण की प्रक्रिया भी नियमानुसार कराई जाएगी। फिलहाल नगर पालिका की राजनीति में यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि सड़क पहले बनेगी या फिर अगली बार अन्य सभासदों को भी विकास कार्यों के लिए यही दंडवत लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाना पड़ेगा।

# कानपुर देहात समाचार



## गुरु महाराज के अवतरण दिवस पर भक्तों ने राहगीरों को किया प्रसाद एवं शर्बत वितरित

### अवतरण दिवस पर भक्तों को बताया गया गुरु संदेश।

**मनोज सचान**

परम पूज्य औघड़ संत बाबा प्रियदर्शी राम जी के मार्गदर्शन में प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के द्वारा कानपुर शाखा इकाई के तत्वाधान में परम पूज्य अघोर मूर्ति सदगुरु श्रद्धेय भईया जी के जी का अवतरण दिवस बहुत ही धूमधाम से आयोजित हुआ। आयोजक मनोज सचान के द्वारा बर्रा 8 स्थित ग्लोबल मेगा मार्ट में भव्य सामूहिक पूजन कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर मनोज सचान ने बताया कि सदगुरु श्रद्धेय भईया जी का अवतरण दिवस नगर ही नहीं संपूर्ण भारत की सभी शाखों में धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी कड़ी में आज कानपुर नगर में सुबह प्रातः काल नमो गुरु पद का सामूहिक पाठ किया गया भव्य आरती में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे भक्तों ने जोरदार बाबा के जयकारों से लगाए जिससे प्रांगण गूँज उठा। सामूहिक पूजन के उपरांत मनोज सचान के द्वारा राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने शीतल शर्बत ग्रहण किया इस मौके पर मनोज सचान ने कहा कि जाति.पाति और ऊंच.नीच का भेद इंसानों ने बनाया है। ईश्वर की दृष्टि में सब बराबर हैं। जो इस संकीर्णता से ऊपर उठ जाता है वही सच्चा ज्ञानी है। संसार में कोई भी वस्तु शुद्ध या अशुद्ध नहीं है। सब उसी एक परमपिता परमात्मा का अंश हैं। जब मन से द्वैत ;भेदद्ध मिट जाता है। तभी परम शांति की प्राप्ति होती हैं मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। जो व्यक्ति दूसरों का हित करने और जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए तत्पर रहता हैए उसके लिए इस संसार में कुछ भी असंभव नहीं है। श्री सचान ने गुरुवाणी कहते हुए कहा कि जो बीत गया उसका पछतावा छोड़ो और भविष्य की चिंता मत करो। सच्चा जीवन केवल वर्तमान में ही जिया जा सकता है। क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है जो भीतर ही भीतर विवेक को नष्ट कर देता है। शांत मन से ही सही निर्णय लिए जा सकते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज सचान रोहित ब्रजपुरिया अंजू साहू अरुण सचान अरविंद कटियार संदीप सचान दिलीप सचान दिनेश मोदी आदित्य पांडेय हेमंत जितेंद्र गुप्ता मंजू प्रवीण आनंद रजनी सचान सरिता तिवारी सुमित कुमार सुनील विनीता सचिन विपिन कटियार यश चौहान सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान, विधायक पूनम संखवार सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

**एसडीएम शिखा संखवार ने कहा वृक्ष जीवन की आधार शिला है इनके संरक्षण के बिना स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती**

**कोतवाल शिवनारायण सिंह ने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक जिम्मेदारी बताया**

**नगर के चेयरमैन देवशरण कमल ने पौधों की निरंतर देखभाल की अपील की**



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रसूलाबाद क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा विधायक पूनम संखवार ने ग्रामीण अंचलों सहित उपजिलाधिकारी शिखा संखवार कोतवाल शिवनारायण सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक राम सिंह नगर पंचायत चेयरमैन देवशरण कमल भाजपा मंडल महामंत्री मनोज सिंह गोपी तथा जिला उपाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल शिवजी द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने धर्मगढ़ बाबा प्रांगण सहित विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने केवल पौधारोपण ही नहीं किया बल्कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प भी लिया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। विधायक पूनम संखवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ.साथ मातृत्व सम्मान का भी प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए।उपजिलाधिकारी शिखा संखवार ने तहसील परिसर में पेड़ लगाते हुए कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना आवश्यक है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और इनके संरक्षण के बिना स्वस्थ पर्यावरण की कल्पना नहीं की जा सकती।कोतवाल शिवनारायण सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। नगर पंचायत चेयरमैन देवशरण कमल ने कहा कि नगर क्षेत्र को हरित और स्वच्छ बनाने के लिए लगातार वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से पौधारोपण के साथ.साथ उनकी नियमित देखभाल करने की भी अपील की। इस मौके पर आरक्षी रामाधार यादव अजय गुर्जर पीसी होमगार्ड रामबाबू यादव हृदेश त्रिपाठी रिटायर्ड भारतीय सेना के जवान हर्ष तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे । उपस्थित सभी लोगों ने न केवल पौधारोपण ही नहीं किया बल्कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा और देखभाल का भी संकल्प लिया ।

### रसूलाबाद विधानसभा से भाजपा टिकट के दावेदारों की बढ़ी संख्या

## सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक कृष्ण मुरारी दोहरे ने पेश की मजबूत दावेदारी



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। भाजपा से चुनाव लड़ने के इच्छुक संभावित उम्मीदवारों की संख्या अब आधा दर्जन से अधिक हो गई है। इसी क्रम में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक कृष्ण मुरारी दोहरे ने भी भाजपा टिकट के लिए अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की है। कृष्ण मुरारी दोहरे ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे प्रशासनिक और पुलिस सेवा काल में जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को नजदीक से समझा है। यदि भारतीय जनता पार्टी उन्हें रसूलाबाद विधानसभा से उम्मीदवार बनाती है तो वह पार्टी की रीतिनीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास मॉडल को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के सर्वांगीण विकास बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा किसानों की समस्याओं के समाधान पर रहेगी। कृष्ण मुरारी दोहरे ने कहा कि भाजपा की सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति को आधार बनाकर मैं रसूलाबाद विधानसभा के चौमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करूंगा। क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा टिकट के दावेदारों की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रसूलाबाद विधानसभा सीट पर पार्टी टिकट को लेकर मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है।



## धूमधाम से मनाया गया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन, विधायक पूनम संखवार ने दी शुभकामनाएं

### भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र त्रिपाठी जीतू ने योगी जी के जन्म दिन पर कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

रसूलाबाद कानपुर देहात। रसूलाबाद विधानसभा कार्यालय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन बुधवार को श्रद्धा उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए मिठाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम के दौरान विधायक पूनम संखवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्र पर तिलक लगाकर आरती उतारी और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की प्रार्थना की।विधायक पूनम संखवार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास सुशासन और कानून.व्यवस्था के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनकी जनकल्याणकारी नीतियों से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। उनके जन्मदिवस पर हम सभी उनके विजन को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना करते हैं।वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र त्रिपाठी ने अपने आवास पर पूर्व विधायक निर्मला संखवार नगर पंचायत चेयरमैन देवशरण कमल तथा भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य ब्रजेश त्रिपाठी के साथ मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया और उपस्थित कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया। जितेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आत्मविश्वास दृढ़ इच्छाशक्ति और निडर निर्णयों ने उत्तर प्रदेश को विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाया है। हम सभी उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं। समारोह में लगभग एक दर्जन कार्यकर्ताओं सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भाजपा कार्यालय में व्यापार मंडल के प्रदेश स्तरीय नेता श्याम मोहन दुबेए मंडल अध्यक्ष अटल बाजपेयी मंडल अध्यक्ष रंजना दुबे झींझक मंडल अध्यक्ष विभूवेंद्र राजपूत समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा ओम शंकर सिंह अमित सिंह सौरभ सिंह हर्ष तिवारी शिवजी द्विवेदी अंशू दुबे प्रियम मिश्रा अवधेश नारायण चतुर्वेदी नरेंद्र पांडेय रानू मिश्रा सर्वेश राजपूत मनोज सेंगर अभिनव रवि संदीप रघुवेंद्र जयवीर नायक भोले नायक नीरज सविता झल्लर तोमर आदित्य राणा दीपक सिंह बलराम संखवार संजय राठौर सोनू सिंह अनमोल गुप्ता राजवीर सिंह बृजेंद्र पाल राहुल पाल अंकुर सेंगर राजीव सिंह संतोष प्रताप सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







## किसान की हत्या करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**-तीन पहले हुआ था विवाद, मृतक ने दी थी मां को गाली**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** महाराजपुर में मां को गाली देने से गुस्साए आरोपी ने किसान की फावड़ा से मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर लिया है। उसके के पास हत्या में प्रयुक्त फावड़ा बरामद कर लिया है।

डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि बुधवार रात किशनपुर गांव स्थित शिव मंदिर के बाहर कालीशंकर गंभीर रूप से घायल अवस्था में खून से लथपथ पड़े मिले थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की बड़ी बेटी निशा की तहरीर पर सूरज, शुभम, सरदार, रविंद्र, रामपाल, गामा और बेचेलाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगी थी। पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से मुख्य आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी शुभम ने बताया कि कालीशंकर गांव की महिलाओं पर गलत नजर रखता था। उसकी मां को भी वह अक्सर घूरता था और अभद्र व्यवहार करता था। 1 जून को कालीशंकर अश्लील गाने बजा रहा था, जिसका उसने विरोध किया। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान कालीशंकर ने उसकी मां और पिता को लेकर गंदी-गंदी गालियां दी थीं। उसी दिन से उसने कालीशंकर को सबक सिखाने और उसकी हत्या करने का मन बना लिया था। इसके बाद वह लगातार मौके और समय की तलाश में था। 3 जून की रात उसने अपनी योजना को अंजाम देने का फैसला किया। आरोपी फावड़ा लेकर घर से निकला और उसे छिपाकर अंधेरा होने का इंतजार करने लगा। रात करीब 9 बजे जब कालीशंकर घर से निकलकर शिव मंदिर की ओर पहुंचे तो शुभम भी वहां पहुंचा और पीछे से हमला कर दिया। पहला वार लगते ही कालीशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए और जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी दौरान आरोपी ने फावड़े से उनकी गर्दन पर जोरदार वार कर दिया। गर्दन पर गहरा घाव लगने से उनकी श्वास नली कट गई और वह मंदिर के बाहर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। खून ज्यादा बहने से उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। इसके बाद आरोपी ने गांव से 50 मीटर दूरी पर गंगा किनारे फावड़ा छिपाकर फरार हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल कांशीराम अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें हैलट अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही कालीशंकर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी शुभम की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा बरामद कर लिया है। वहीं मुकदमे में नामजद अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। डीसीपी सत्यजीत गुप्ता का कहना है कि विवेचना के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नशा तस्करों के खिलाफ कंजड़नपुरवा में पुलिस की रेड

- **ड्रोन से की गई निगरानी, 75 ठिकानों की हुई तलाशी**
- **मादक पदार्थों के साथ कईयों को हिरासत में लिया गया**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित कंजड़नपुरवा बस्ती में नशा तस्करों के खिलाफ शुक्रवार तड़के भारी पुलिस बल ने अचानक छापेमारी कर दी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों के बीच हड़कम्प मच गया। पुलिस ने ड्रोन उड़ाकर बस्ती के एक-एक घर की निगरानी की और 75 संदिग्ध घरों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कई सप्लायर्स घरों में ताला बंद कर फरार हो गए। तकरीबन 5 घंटे चली छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो घरों से 10 किलो मादक पदार्थ बरामद कर 10 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर ड्रग सप्लाई की गई तो बहुत बुरे अंजाम भुगतने पड़ेंगे, जीवन सलाखों के पीछे ही कटेगा।

शुक्रवार सुबह 4 बजे कंजड़नपुरवा में डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बर्रा, किदवई नगर, गोविंद नगर, जूही, बाबूपुरवा की टीम के साथ छापेमारी की। टीम में 50 दरोगा, 80 पुरुष, 24 महिला कांस्टेबल समेत 150 पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टोलियां बस्ती में घुसी तो इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर निकल आए। पुलिस ने ड्रग सप्लायर्स के संभावित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने ड्रोन के जरिए पूरी बस्ती की निगरानी कर 75 संदिग्ध घरों में सघन तलाशी अभियान चलाया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि छापेमारी का उद्देश्य ड्रग सप्लायर्स के सिंडिकेट को तोड़ने का है। ड्रग सप्लाई नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिले है। छापेमारी के दौरान 10 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, सप्लायर्स कहां से ड्रग लाते है, किसको बेचा जाता है, कहां रखा जाता है, ड्रग सप्लाई चेन में कौन-कौन शामिल है। इन सभी तथ्यों पर जानकारी जुटाई जा रही है। डीसीपी ने कहा कि यह केवल एक शुरुआत है। नशा तस्करी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जो भी इस नेटवर्क से जुड़ा हैए उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# चोरी के माल के बंटेवारे को लेकर हुई थी खूंटी की हत्या



- **पुलिस ने मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** चोरी के माल के बंटवारे को लेकर खूंटी की हत्या की गई थी। गुरूवार देर रात रेलबाजार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर तीन दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि ग्वालटोली मकबरा निवासी हिस्ट्रीशीटर मो जाहिद उर्फ खूटी शनिवार को रक्तरंजित हालत में टाटमिल चौराहा स्थित कृष्णा हास्पिटल के पास मिला था। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर उसे इलाज के लिए हैलट अस्पताल भेजा था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हिस्ट्रीशीटर के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल से पता चला कि हत्या से पहले खूंटी की मुलाकात बादशाहीनाका निवासी राजू कश्यप उर्फ राजू करिया से हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की तो मालूम हुआ घटना के बाद से वह फरार चल रहा है। डीसीपी ने बताया कि गुरूवार देर रात हत्यारोपी राजू करिया ने सीओडी पुल के छिपे होने की सूचना मिली। रेलबाजार पुलिस ने घेराबदी की तो आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर राजू करिया के पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। डीसीपी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर राजू करिया पर चोरी, लूट समेत विभिन्न धाराओं में 38 मुकदमे दर्ज हैं। वह बादशाहीनाका थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी और जाहिद एक चोरी की वारदात को अंजाम देने गए थे। इस दौरान राजू करिया को गार्ड ने पकड़ा, तो जाहिद भाग गया था। जिस बात की रंजिश व चोरी के माल के बंटवारे विवाद में आरोपी ने उसकी हत्या को अंजाम दिया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि खूंटी उसका अच्छा दोस्त था। जब वह चोरी करते हुए पकड़ा गया तो खूंटी छोड़कर भाग गया था। इसके अलावा चोरी के माल में बंटवारे के दौरान उसने एक हिस्सा भी मार दिया था। इससे वह खूंटी पर खिसियाया हुआ था। शनिवार को उसने खूंटी को शराब पिलाई और नशे की हालत में उसके सिर पर धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी।

# प्रभारी मंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर दिया जोर

-केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 21 जून तक चलेगा विशेष अभियान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून तक आयोजित किए जा रहे विशेष जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान की तैयारियों की समीक्षा शुक्रवार को नवीन सभागार प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल कार्यक्रमों के आयोजन तक सीमित न रहे, बल्कि इसके माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन पूरी तैयारी और समन्वय के साथ किया जाए तथा योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रभावी जनसंपर्क गतिविधियां संचालित की जाएं। बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम, जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, विकास प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित किया जाए तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उपलब्धियों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। मलिन बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष पहुंच बनाकर पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाए। बैठक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की भी समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक योग दिवस के कार्यक्रमों में व्यापक जनभागीदारी की जाए। अभियान के दौरान आयोजित होने वाली रात्रि चौपालों में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनें और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, ज्वाइंट सीपी विपिन ताडा, ज्वाइंट सीपी संकल्प शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे जैन, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्यायए सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अभियान की तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, एमएलसी अरुण पाठक, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह उपस्थित रहे।

### तीन माह तक नहीं होगा नदियों में मछली का शिकार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर। मछलियों के प्रजनन काल की सुरक्षा तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद की सभी नदियों एवं बहती जलधाराओं को 1 जून से 31 अगस्त तक नो फिशिंग जोन घोषित किया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध अवधि के दौरान किसी भी नदी अथवा बहती जलधारा में मत्स्य आखेट तथा बाड़े लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध मछलियों के प्रजनन एवं संवर्धन को सुरक्षित रखने तथा प्राकृतिक मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से लागू किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

# महंगाई व पेपर लीक के विरोध में ढोलक बजाकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की बढ़ती कीमतों व पेपर लीक के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शास्त्री चौक चौराहे पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं हरदीप सिंह पुरी के पोस्टर खच्चरों पर लगाकर सरकार की नीतियों के विरोध में प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। साथ ही ढोलक और मंजीरे की थाप पर सरकार विरोधी नारे लगाकर जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया । कांग्रेस प्रदेश महासचिव जेपी पाल ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और अनदेखी के कारण देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की परेशानियों के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी तथा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार आम नागरिकों की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर दिखाई दे रही है। विकास अवस्थी ने कहा कि महंगाई के साथ-साथ छात्रों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से छात्रों में निराशा बढ़ रही है और उनकी मेहनत पर असर पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत से पड़ोसी देशों को पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति की जाती है, लेकिन देश के लोगों को ही महंगा ईंधन खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर लगाम नहीं लगाई गई तो कांग्रेस आने वाले दिनों में और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस दौरान राजेश सविता, मोनू पाल, बृजेश गुप्ता, अर्जुन प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, मोहित पाल, विनोद अवस्थी, वरुण पाल, अजय प्रकाश तिवारी, आलोक ठाकुर, अवधेश गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

# चेन व ब्रेसलेट के लालच में दोस्त ने किया था कोचिंग संचालक का मर्डर



**- वेष-भूषा बदलकर पहुंचा था कोचिंग, मूकबाधिर बनकर दी पर्ची**

**-चेन लूटने के दौरान हुई छीन झपटी में गिरे थे संचालक**

**-स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** नवाबगंज में चेन व ब्रेसलेट के लालच में जिगरी दोस्त ने कोचिंग संचालक की हत्या कर दी थी। घटना से पहले आरोपी ने क्राइम पेट्रोल के कई बार एपिसोड देखा। इसके बाद हत्या की प्लानिंग बनाई। प्लानिंग के तहत आरोपी ने बुर्का पहन कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने मृतक के जेब में पड़े 15 हजार रुपए छोड़ दिए।

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि नवाबगंज थानाक्षेत्र के आजाद पार्क के पास डाटा एक्सपर्ट कम्प्यूटर कोचिंग संस्थान है। जिसका पिछले 10 साल से यशोदा नगर के ब्लाक निवासी प्रकाश चंद्र गुप्ता संचालन कर रहे थे। रविवार को आईपीएल मैच देखने के लिए कोचिंग में ही रूक गए थे। सोमवार सुबह उनका खून से लथपथ हालत में शव मिला था। परिजनों ने लूटपाट के बाद हत्या का आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सीसीटीवी व सर्विलांस के माध्यम से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कोचिंग संचालक विजय प्रकाश गुप्ता की हत्या उनकी 5 लाख की चेन और सोने के ब्रेसलेट की वजह से उसके दोस्त मोहित द्विवेदी ने की थी। होली के समय हत्यारोपी मोहित कोचिंग संचालक के साथ खजुराहो घूमने गया था, जहां उसने विजय की सोने की चेन और ब्रेसलेट देखा था, जिसके बाद मोहित ने चेन और ब्रेसलेट लूटने की योजना तैयार कर ली थी। इसके बाद मोहित ने यूट्यूब पर सर्च किया कि दोस्त को पहचान छिपा कर कैसे मारे। फिर उसने बुर्का, एक लेडीज बैग, चप्पल, हाथ में पहनने के लिए ग्लब्स खरीदे। इसके बाद वह जेके कैंस हॉस्पिटल के पास गाड़ी खड़ी कर ऑटो से कोचिंग संचालक के पास मूक बाधिर बनकर गया और उन्हें एक पर्ची दी, जिसमें कोचिंग में एडमिशन कराने की बात लिखी हुई थी। उस समय कोचिंग संचालक शराब के नशे में थे। इस दौरान लूटपाट करने में कोचिंग संचालक विजय प्रकाश गिर गए, जिससे उनके सिर में चोट लगने से मौत हो गई। इसके बाद हत्यारोपी सोने की चेन और ब्रेसलेट लूट कर फरार हो गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पहले पहुंचा अनवरगंज स्टेशन, फिर ऑटो से पहुंचा कोचिंग

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि घटना वाले दिन रविवार दोपहर आरोपी मोहित अपनी कार से स्वरूप नगर स्थित जेके कैंसर हॉस्पिटल पहुंचा, यहां कार पार्क करने के बाद हॉस्पिटल के अंदर गया और बुर्का पहन कर बाहर निकल आया। फिर वह ऑटो में बैठकर अनवरगंज रेलवे स्टेशन पहुंचा। शाम करीब 5.30 बजे कन्नौज से आने वाली ट्रेन का इंतजार करने लगा, जिससे पुलिस को लगे की घटना को अंजाम देने वाले कन्नौज से आए थे। शाम को ट्रेन आने के बाद वह स्टेशन से निकलकर ऑटो में बैठा और खुद को गूंगा साबित करते हुए ऑटो ड्राइवर को विजय की कोचिंग क्लासेज का एड्रेस पर्ची पर लिखकर दिया। इसके बाद ड्राइवर गूगल मैप के जरिए विजय के कोचिंग सेंटर तक पहुंचा। कोचिंग सेंटर से करीब 20 मीटर आगे शाम 6.45 बजे मोहित ऑटो से उतरा। 10 मिनट तक इंजार करने के बाद वह विजय के पास पहुंचा और उन्हें एक पर्ची देते हुए कोचिंग में एडमिशन कराने की बात लिखी। विजय ने नहाने जाने की बात कहते हुए 10 मिनट बैठने की बात कही। कुछ देर बाद विजय तैयार होकर एडमिशन करने आए तो मोहित ने चेन छीनने का प्रयास किया] जिस पर दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। मोहित ने तेज धक्का दिया और विजय गिरकर बेहोश हो गए। इसके बाद मोहित ने उनकी ब्रेसलेट और चेन लूट ली। फिर विजय को घसीट कर कोचिंग के दूसरे कमरे ले गया, इसके बाद वह भाग निकला।

### बीड़ी का बंडल व रूपए चोरी करने पर दोस्त की हत्या

**कानपुर।** डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि विशाल उर्फ रवि कुलीबाजार और मेस्टन रोड में मजदूरी करने के साथ ही फुटपाथ पर रहकर अपना गुजर-बसर करता था। 3 जून की देर रात मेस्टन रोड स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा के पास रवि का रक्तरंजित शव मिला था। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर भारी वस्तु के प्रहार से मौत की पुष्टि हुई थी, इसके बाद मूलगंज थाने की पुलिस ने मेस्टन रोड के दुकानदार जिलानी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। डीसीपी ने बताया कि पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा चेक किया। इस दौरान एक सीवीटीवी कैमरा में घटना की फुटेज मिली। सीसीटीवी से साफ हो गया कि सोने के दौरान एक युवक ने सिर पर पत्थर मारकर नृशंस हत्या की है। फुटेज की मदद से पुलिस ने हत्यारोपी की पहचान मृतक के साथी मजदूर उन्नाव बांगरमऊ थाना क्षेत्र के सहदानी गांव निवासी अशर्फीलाल उर्फ बड़बड़िया उर्फ राजू के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने गुरुवार रात को हत्यारोपी अशर्फीलाल उर्फ बड़बड़िया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान हत्यारोपी बड़बड़िया ने बताया कि मृतक उसकी जेब से रुपए और बीड़ी चोरी कर लेता था, मर्डर वाली रात भी उसकी बीड़ी का बंडल और 150 रुपए चोरी कर लिया था। विरोध करने पर गाली-गलौज कर रहा था, इससे झल्लाकर उसने विशाल के सो जाने के बाद सिर को ईंट से कूचकर मर्डर कर दिया और वहां से भाग निकला था। पुलिस ने हत्यारोपी को शुक्रवार दोपहर को कोर्ट में पेश किया और जेल भेज दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपाइयों ने किया पौधारोपण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विभिन्न पार्कों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर बूथ संख्या-27 स्थित रामदेवी आर्य पार्क में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित कर शुभकामनाएं दी गईं। भाजपा श्रम प्रकोष्ठ कानपुर-बुंदेलखंड के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति एवं मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दीपू पासवान, विकास दुबे, प्रकाश वीर आर्य, पार्षद राजेश श्रीवास्तव, डॉ समरदीप पांडेय, अवध बिहारी अवस्थी, मंजू कठेरिया, विनय मालवीय, विकास सब्बरवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### सीएम योगी के जन्मदिवस पर हुआ शरबत वितरण



कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस पर पूर्व विधायक रघुनन्दन सिंह भदौरिया ने श्याम नगर स्थित कार्यालय पर शरबत वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शरबत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, एलबी सिंह पटेल, गौरव चतुर्वेदी, अभिषेक दुबे, के पी सिंह चौहान, मानसिंह, संदीप भदौरिया, भूपेन्द्र भदौरिया, आदित्य तिवारी, सर्वेश सिंह सिसोदिया समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्युत नियामक आयोग ने दी 511 मेगावाट जलविद्युत आयात को स्वीकृति

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने एक दीर्घकालिक योजना को स्वीकृति दी है। इस योजना के अंतर्गत भूटान के खोरलोछू जलविद्युत स्टेशन से 511 मेगावाट जलविद्युत का आयात किया जाएगा। आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड के बीच 30 साल के बिजली बिक्री समझौते को मंजूरी दी है। यह बिजली भारत-भूटान सीमा पर 6.75 रुपये प्रति यूनिट की एकसमान दर पर उपलब्ध होगी। केएचपीएल एक रणनीतिक साझेदारी है। इसमें ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 60 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है, शेष 40 प्रतिशत टीपीटीसीएल के पास है। अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं सदस्य संजय कुमार सिंह की पीठ ने निर्णय दिया है कि यह समझौता यूपीपीसीएल को गर्मियों की अत्यधिक मांग को पूरा करने में सहायता करेगा। इसके साथ ही यह निगम के जलविद्युत क्रय दायित्व की पूर्ति भी सुनिश्चित करेगा। इसके अतिरिक्त इस समझौते से उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक मूल्य निश्चितता का लाभ भी मिलेगा। यूपीपीसीएल ने आयोग से विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86 के अंतर्गत बिजली के स्रोत और विद्युत क्रय समझौते के प्रारूप, दोनों की स्वीकृति मांगी थी। इसके तहत 1 मई 2030 से हर वर्ष मई से अक्टूबर की अवधि के लिए 511 मेगावाट बिजली खरीदने का प्रस्ताव किया गया था। यह बिजली भारत-भूटान सीमा पर 6.75 रुपये प्रति यूनिट की तय दर पर 30 वर्षों के लिए उपलब्ध होगी। आयोग ने संज्ञान लिया कि लेवलाइज्ड टैरिफकी गणना सीईआरसी टैरिफविनियम 2024 के अंतर्गत की गई थी। इसके अनुसार बस-बार लेवलाइज्ड टैरिफ6.47 रुपये प्रति किलोवाट घंटा निर्धारित था। इसमें भारत-भूटान सीमा तक का ट्रांसमिशन चार्ज 0.28 रुपये प्रति किलोवाट घंटा जोड़ा गया। इस प्रकार अंतिम वितरण बिंदु पर यह टैरिफ6.75 रुपये प्रति किलोवाट घंटा तय हुई। यह 6.75 रुपये प्रति यूनिट की कीमत 30 वर्षों की संपूर्ण अवधि के लिए बिना किसी वार्षिक वृद्धि के स्थिर रहेगी। यूपीईआरसी की यह स्वीकृति स्पष्ट रूप से इन केंद्रीय-स्तरीय आवश्यकताओं के अनुपालन के अधीन है। केएचपीएल से हर साल मिलने वाली 1,748 मिलियन यूनिट बिजली के साथ 4 घंटे की स्टोरेज क्षमता भी मिलेगी। इस पूरी योजना को इस तरह तैयार किया गया है, ताकि ष्परियोजना से बिजली सप्लाई का सबसे मुख्य समय, गर्मियों के महीनों में बिजली की सबसे ज़्यादा मांग के समय के साथ पूरी तरह मेल खा सके, जिससे यूपीपीसीएल को गर्मियों में सबसे ज़्यादा मांग वाले घंटों में बिजली की ज़रूरत को पूरा करने में बड़ी मदद मिल सके।

**सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भूमि पूजन आज**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (भारत सरकार) की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति कल, दिनांक 6 जून 2026 को फतेहपुर को एक बड़ी सौगात देने जा रही हैं। वे शनिवार सुबह 10 बजे नगर पालिका फतेहपुर में चल रही सीवर योजना के अंतर्गत मदारीपुर कला में बनने वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर विधिवत शुभारंभ करेंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निजी सहायक शिव प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्लांट के निर्माण से क्षेत्र में स्वच्छता और जल निकासी की व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।

## शिक्षामित्र संगठन ने तांबेश्वर मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना



- मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बांटे फल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उ.प्र. प्राथमिक शिक्षामित्र संगठन के जिला ईकाई के तत्वावधान में जनपद के शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन, अत्यंत उत्साह, हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया। संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में शिक्षामित्रों ने ऐतिहासिक सिद्धपीठ बाबा तांबेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की और मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की मंगलकामना की।
इस धार्मिक अनुष्ठान के संपन्न होने के बाद शिक्षामित्रों ने मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं, गरीब बच्चों और राहगीरों के बीच भारी मात्रा में मौसमी फल और मिष्ठान वितरित किए। जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि सरकार भविष्य में भी शिक्षामित्रों के हितों को लेकर सकारात्मक और कल्याणकारी निर्णय लेती रहेगी।

## फतेहपुर में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान का शुभारंभ



**प्रभारी मंत्री व डीएम ने किया पौधरोपण**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष पहल के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के मुंशी प्रेमचंद परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले इस व्यापक जन-कल्याण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जनपद के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल और राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा ने भी विभिन्न प्रजातियों के औषधीय और छायादार पौधे रोपे।

मुंशी प्रेमचंद सभागार में आयोजित गोष्ठी में प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल ने कहा कि बढ़ते वैश्विक तापमान और मौसम चक्र में आ रहे बदलावों को देखते हुए वृक्षारोपण अब केवल एक सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी बन चुका है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कोरोना महामारी के दौर का स्मरण कराते हुए कहा कि उस समय पूरी दुनिया ने मेडिकल ऑक्सीजन के महत्व को समझा था; हमें प्रकृति से मिली इस हरित विरासत को सहेज कर भावी पीढ़ी को सौंपना होगा। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि 21 जून तक चलने वाले इस पखवाड़े के सभी कार्यक्रम पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त होंगे और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई होगी। कार्यक्रम के अंत में डाइट के प्रशिक्षुओं ने पर्यावरण चेतना पर आधारित नुक्कड़ नाटकों और ज्ञानवर्धक मॉडलों की प्रदर्शनी प्रस्तुत की, जिसे अतिथियों ने खूब सराहा।

## खबर एक नज़र

### स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी से हड़कंप

- बदसलूकी करने पर देवेंद्र पॉलीक्लीनिक सीज
- विजयीपुर, किशनपुर और त्रिलोचनपुर में 6 क्लिनिक व पैथोलॉजी लैब को नोटिस
- बंद कर भागे संचालकों को डाक से नोटिस भेजेगा विभाग

विजयीपुर (फतेहपुर)। जनपद में अवैध व मानकविहीन चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने विजयीपुर क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया। विजयीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ब्रजेश पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम ने क्षेत्र के कई क्लीनिकों, पॉलीक्लिनिकों और पैथोलॉजी लैबों पर औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई से क्षेत्र के झोलाछाप और अवैध संचालकों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं मिलने पर 6 संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है, वहीं टीम से अभद्रता करने वाले एक पॉलीक्लीनिक को मौके पर ही सीज कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, जब स्वास्थ्य विभाग की टीम नरैनी रोड स्थित देवेंद्र पॉलीक्लीनिक पहुंची और आवश्यक अभिलेख व पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगे, तो संचालक टीम के साथ बदसलूकी पर आमादा हो गया। काफी देर तक चली तीखी बहस के बावजूद संचालक ने वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ब्रजेश पांडेय ने इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए देवेंद्र पॉलीक्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया। निरीक्षण के दौरान जिन प्रमुख संस्थानों में मानक और दस्तावेज अधूरे पाए गए, उनमें किशनपुर रोड शिवपुर गेट के सामने स्थित डॉ. डी.के. वर्मा क्लीनिक, शिवम मेडिकल स्टोर (किशनपुर रोड), जे.के. क्लीनिक (नरैनी रोड, विजयीपुर चैराहा) और प्रगति पैथोलॉजी शामिल हैं। टीम के आने की भनक लगते ही जो संचालक अपने क्लीनिक और लैब बंद करके भाग गए थे, उनके खिलाफ भी विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। डॉ. ब्रजेश पांडेय ने बताया कि शटर गिराकर भागने वाले शेष सभी संचालकों को डाक (पोस्ट ऑफिस) के माध्यम से नोटिस भेजकर जवाब तलब किया जाएगा। चिकित्सा प्रभारी डॉ. ब्रजेश पांडेय ने दो टूक कहा कि मरीजों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस छापेमारी टीम में मुख्य रूप से डॉ. भरत कुमार, बीसीपीएम नईम अहमद, एआरओ राहुल कुमार, डॉ. नवीन और मनीष श्रीवास्तव समेत अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

### मंदिर की जमीन पर दबंगों के कब्जे के प्रयास से ग्रामीणों में आक्रोश

- एडीएम ने एसडीएम खागा को सौंपी जांच

ग्राम प्रधान और लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप; ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की न्याय की गुहार

विजयीपुर (फतेहपुर)। किशनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पौली गढ़वा में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर से जुड़ी ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय ग्राम प्रधान और राजस्व कर्मियों के संरक्षण में कुछ दबंग व्यक्ति सरकारी भूमि का स्वरूप बदलने में जुटे हैं। इस मामले में कार्रवाई न होने से खफा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है, जिसके बाद अपर जिलाधिकारी (राजस्व) ने उपजिलाधिकारी खागा को मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्रामीणों चंद्र सिंह, मनीष सिंह, मुन्ना सिंह, रामकृपाल, राम प्रसाद, राजाराम एवं प्रेमचंद समेत दर्जनों लोगों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, गांव का शीतला माता मंदिर वर्षों पुराना आस्था का केंद्र है, जो ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर स्थित है। आरोप है कि गांव के ही सुभाष सिंह (पुत्र रामस्वरूप) और जय सिंह (पुत्र सुभाष) द्वारा लगातार इस भूमि पर मिट्टी भराई कराई जा रही है, ताकि मंदिर परिसर की बहुमूल्य सरकारी जमीन पर स्थायी कब्जा किया जा सके।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस अतिक्रमण की जानकारी कई बार क्षेत्रीय राजस्व अधिकारियों और लेखपाल को दी गई, लेकिन मौके पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे हौसला पाकर दबंग लगातार अतिक्रमण का दायरा बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल और सरकारी संपत्ति पर भू-माफिया का कब्जा हो जाएगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर जिलाधिकारी (राजस्व) विनय पांडेय ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत प्राप्त हुई है। प्रकरण की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच के लिए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) खागा को निर्देशित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट आते ही नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### क्षत्रिय महासभा की धाता ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित

- सुनील कुमार सिंह बने ब्लॉक अध्यक्ष

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की सांगठनिक मजबूती और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धाता ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन कुलहब्बा ग्राम सभा में सर्वसम्मति से पूरा कर लिया गया है। कुलहब्बा के ग्राम प्रधान मनमोहन सिंह की अध्यक्षता और महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर व प्रयागराज मंडल के उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चैहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस सांगठनिक बैठक में समाज के सभी वर्गों के हितों पर चर्चा की गई। गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सुनील कुमार सिंह को धाता ब्लॉक का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जबकि सुरेश सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कप्तान सिंह को उपाध्यक्ष, धनंजय सिंह को संगठन मंत्री, धर्मेश्वर सिंह को युवा महासचिव और जयवीर सिंह को मीडिया प्रभारी की कमान सौंपी गई। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को निष्ठा की शपथ दिलाते हुए नियुक्ति पत्र सौंपे।

### धाता मंडल की भाजपा बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

- 12 वर्ष की उपलब्धियों का चलेगा अभियान

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी धाता मंडल की मासिक रणनीतिक एवं संगठनात्मक बैठक डेंढासई में गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसकी मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कहा कि 5 जून से 21 जून तक केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा जिला स्तर पर एक बड़ा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक बूथ पर जाकर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संपर्क साधा जाएगा। मंडल प्रभारी प्रवीण सिंह और मंडल अध्यक्ष रामनारायण शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में शक्ति केंद्रों के प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे डबल इंजन सरकार की नीतियों और विकास कार्यों के पैम्फलेट घर-घर पहुंचाएं और बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुखों की कमेटियों को और अधिक सक्रिय करें।

### पैर फिसलने से कुएं में गिरी 17 वर्षीय किशोरी, मौत

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। किशनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मनोहरपुर मजरे गाजीपुर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में एक 17 वर्षीय किशोरी की कुएं में गिर जाने से असमय मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में मातम पसर गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार, गांव के निवासी बुद्धराज निषाद की 17 वर्षीय पुत्री अनुभव देवी अपने घर के ठीक बाहर लगे सरकारी हैंडपंप से पानी भरकर पास में ही स्थित एक प्राचीन कुएं के ऊंचे चबूतरे पर पैर धोने और स्नान करने के लिए गई थी। इसी दौरान चबूतरे पर जमी काई के कारण किशोरी का पैर अचानक फिसल गया और वह सीधे गहरे कुएं में जा गिरी। किशोरी के गिरते ही आसपास मौजूद महिलाओं ने चीख-पुकार मचाई, जिसके बाद परिजनों ने रस्सी के सहारे उसे बाहर निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन गंभीर अंदरूनी चोटों और फेफड़ों में पानी भर जाने के कारण उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। किशनपुर प्रभारी निरीक्षक बच्चेलाल प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की है, परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सरकारी हैंडपम्प पर मोटर डालने की शिकायत डीएम से



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** भिटौरा ब्लॉक के ग्राम मदारियापुर (मजरे केवई) के निवासियों ने जिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर गांव के एक सरकारी हैंडपंप पर दबंगई से मोटर डालकर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि रामभूषण नामक व्यक्ति ने अपने दरवाजे के पास स्थित सरकारी हैंडपंप में जबरन मोटर डाल दिया था, जिसे दिसंबर 2025 में राधानगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निकलवा दिया था और दोनों पक्षों में समझौता हुआ था। हालांकि, मार्च 2026 में कुछ बाहरी लोगों की मदद से बलपूर्वक दोबारा हैंडपंप में मोटर डाल दिया गया। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं द्वारा विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज की गई और हैंडपंप को निजी संपत्ति बताते हुए पानी भरने से रोक दिया गया, जबकि ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी लिखित रूप में पुष्टि कर चुके हैं कि हैंडपंप सरकारी है।

पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि इस पूरे विवाद के दौरान मौके पर अनुपस्थित रहने के बावजूद सूरजभान नामक ग्रामीण के खिलाफ थाना राधानगर में फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हैंडपंप से मोटर निकलवाने और सूरजभान के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमे को वापस लेने की मांग की है।

## ग्यारह साल पुराने दहेज हत्या के मामले में कोर्ट का बड़ा फेसला

**- दो महिलाओं को मिली उम्रकैद**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनपद के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2015 में घटित एक सनसनीखेज दहेज हत्या के मामले में स्थानीय अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे श्ऑपरेशन कन्विक्शनश् के तहत स्थानीय पुलिस की प्रभावी पैरवी, मजबूत गवाहों और अकाट्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर एएसजे/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या दो ने दो महिला आरोपियों को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही कुल 65 हजार रुपये का भारी अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि समय पर जमा न करने की स्थिति में दोषियों को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस कठोर फैसले से अपराधियों में हड़कंप है।

विधिक विवरण के अनुसार, 27 मई 2015 को पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कल्याणपुर थाने में मुकदमा संख्या 96/15 के तहत आईपीसी की धारा 498ए, 304बी, 302 और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के सीधे निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने अदालत में इस जटिल मुकदमे की लगातार पैरवी की। शुक्रवार को सुनवाई पूरी करते हुए अदालत ने सुमन शुक्ला पत्नी दिनेश शुक्ला (निवासी साईं मोहार) को दहेज उत्पीड़न व हत्या और बिटोला पांडे पत्नी पुत्तन पांडे (निवासी सौंह) को हत्या की वैकल्पिक धारा 302 के तहत दोषी पाया। इस फैसले के बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि उन्हें एक दशक बाद सच्चा इंसाफ मिला है।

**- नाबालिग के अपहरण मामला**

## फरार आरोपी के परिजनों पर धमकी देने का आरोप

- पीड़ित ने मांगी सुरक्षा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव की पीड़ित महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण मामले में नया और गंभीर मोड़ आने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने के कारण उसके परिजन अब पीड़ित परिवार पर मुकदमा वापस लेने और कोर्ट के बाहर सुलह-समझौता करने का लगातार मानसिक व शारीरिक दबाव बना रहे हैं। महिला का कहना है कि आरोपी पक्ष के दबंग लोग आए दिन उनके घर के चक्कर काट रहे हैं और बात न मानने पर जान-माल की गंभीर धमकी दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार खौफ के साए में जीने को मजबूर है।

शिकायती पत्र के अनुसार, बीते 6 मार्च 2026 को थरियांव थाना क्षेत्र के बड़ी टेक्सरिया गांव का निवासी रोशन पुत्र महीपत, महिला की 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर और सैर-सपाटे का झांसा देकर भगा ले गया था। आरोपी के उकसावे में आकर किशोरी घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी भी अपने साथ ले गई थी। परिजनों की शिकायत पर 7 मार्च को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर लिया था और कोर्ट में 164 के तहत बयान दर्ज कराकर उसे मां के सुपुर्द कर दिया था। पीड़ित महिला ने स्थानीय जांच अधिकारी पर भी बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विवेचक आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय उल्टा पीड़ित पक्ष पर ही दबाव बना रहे हैं। महिला ने एसपी से मांग की है कि फरार चल रहे मुख्य आरोपी रोशन को तत्काल जेल भेजा जाए और पीड़ित परिवार को विधिक सुरक्षा प्रदान की जाए।

### यूपी-112 के बेड़े में शामिल हुई 06 नई स्कॉर्पियो गाड़ियाँ

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक अभेद्य बनाने तथा आपातकालीन पुलिस सहायता के रिस्पांस टाइम को न्यूनतम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए यूपी-112 सेवा को छह नई आधुनिक स्कॉर्पियो गाड़ियां आवंटित की गई हैं। शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने इन नए वाहनों का निरीक्षण कर इन्हें हरी झंडी दिखाई और गश्त के लिए रवाना किया। एसपी ने बताया कि इन गाड़ियों को विशेष रूप से सदर कोतवाली, मलवां, हुसैनगंज, खागा, चांदपुर तथा जाफरगंज जैसे संवेदनशील और बड़े थाना क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। इन वाहनों के सड़क पर उतरने से न केवल पुलिस की गश्त तेज होगी, बल्कि शहरी व सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसी भी वीआईपी मूवमेंट या आपात स्थिति में पुलिस मात्र चंद मिनटों में मौके पर पहुंचकर त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध करा सकेगी।

**निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान राजमिस्त्री हुआ अचेत, मौत**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सदर कोतवाली क्षेत्र के व्यस्ततम चैक बाजार इलाके में स्थित एक निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान शुक्रवार की दोपहर एक 42 वर्षीय अनुभवी राजमिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक अचेत होकर गिर जाने से मौत हो गई। सदर कोतवाली के मऊ गांव का निवासी अवधेश पुत्र सत्यभान पेशेवर राजमिस्त्री था और वह अपने साथी मजदूर राज (निवासी सिधौर, गाजीपुर) के साथ चैक निवासी मोहम्मद रेहान के निर्माणाधीन मकान में चिनाई का काम कर रहा था। दोपहर करीब दो बजे अवधेश मकान के निचले हिस्से के एक बंद कमरे में कुछ काम कर रहा था, तभी वह अचानक जमीन पर गिरकर अचेत हो गया। साथी मजदूर और मकान मालिक द्वारा उसे तुरंत उठाकर जिला पुरुष चिकित्सालय के आपातकालीन वार्ड ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने ईसीजी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया; पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों (हार्ट अटैक की आशंका) का पता चल सकेगा।

## चितौड़ा मोड़ के पास खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस

- चालक की मौत, चार यात्री घायल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की भोर में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब कानपुर डिपो की एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर मलवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चितौड़ा मोड़ के पास हाईवे किनारे खड़े एक खराब ट्रक से पीछे से बेहद जोरदार तरीके से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में रोडवेज बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और केबिन में फंसे बस चालक राणा विजय सिंह पुत्र उदय सिंह (निवासी लवआर, पट्टी, प्रतापगढ़) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंची स्थानीय हाईवे पुलिस और ग्रामीणों ने बस के शीशे तोड़कर केबिन में फंसे चालक के शव को क्रेन की मदद से बाहर निकाला। हादसे में घायल हुए बस परिचालक सुरेंद्र कुमार और तीन अन्य यात्रियों को एम्बुलेंस से तुरंत अलीपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी को खतरे से बाहर बताते हुए अस्पताल से छुट्टी दे दी, पुलिस के अनुसार हादसा चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुआ।

## कोरसम नहर पट्टी पर शुरू हुआ वृहद पौधरोपण अभियान

- 25 किमी क्षेत्र में लगेंगे 07 हजार पौधे

बिंदकी (फतेहपुर)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वन विभाग की सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा मलवां विकास खंड के अंतर्गत आने वाले कोरसम नहर झाल क्षेत्र में एक वृहद और महत्वाकांक्षी वृक्षारोपण अभियान का शंखनाद किया गया है। रेंजर रवींद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमनजीत सिंह व युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विभाग ने नहर की पटरियों के किनारे कुल 25 किलोमीटर के लंबे दायरे में 7000 पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया है। रेंजर ने बताया कि इस अभियान के तहत आकेशिया आर्कुलिफॉर्मिस प्रजाति के पौधों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो बेहद कम पानी में भी तेजी से बढ़ते हैं और अपनी मजबूत जड़ों के कारण नहर की पटरियों की मिट्टी के कटान को रोकने में सक्षम हैं, जिससे भविष्य में नहर टूटने का खतरा भी टल जाएगा।

### देवी दयाल इंटर कॉलेज के 10 छात्रों का सेना में चयन

चैडगरा (फतेहपुर)। मलवां विकास खंड के रेवाड़ी बुजुर्ग गांव में स्थित देवी दयाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में शुक्रवार को उस समय गौरव और राष्ट्रभक्ति का माहौल देखने को मिला, जब विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके 10 मेधावी छात्रों का एक साथ भारतीय सेना के विभिन्न गौरवशाली अंगों में चयन हो गया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मान और माल्यार्पण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक परशुराम वर्मा और युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने नवनियुक्त सैनिकों का मुंह मीठा कराकर उन्हें सम्मानित किया। सेना के विभिन्न अंगों में चुने गए मेधावियों में वायु सेना के लिए श्वेता यादव, आशीष यादव, आदित्य सिंह; थल सेना के लिए अभिषेक यादव, संदीप यादव, अजय सिंह, नरेंद्र यादव, नितेश सिंह, आदित्य सिंह और नौसेना के लिए चयनित आयुष कुशवाहा शामिल हैं, जिनकी इस सफलता को वक्ताओं ने जिले के युवाओं के लिए एक महान प्रेरणा बताया।

## रामपुर थरियांव में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**- 513 मरीजों की जांच कर बांटे चश्मे व दवाइयां**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** विश्व पर्यावरण दिवस और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से जन कल्याण महासमिति द्वारा हसवा विकास खंड के सुदूर ग्रामीण इलाके रामपुर थरियांव में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस भव्य चिकित्सा शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराज शास्त्री और मुख्य सलाहकार निशित ने चिकित्सा टीम का नेतृत्व किया। एसपी ने कहा कि ग्रामीण अंचल में रहने वाले जरूरतमंद बुजुर्गों और माताओं-बहनों को उनके घर के पास ऐसी उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना ही सच्ची मानव सेवा है।

शिविर के दौरान सुबह से ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां कुल 513 मरीजों का डिजिटल पंजीकरण किया गया। शिविर में आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर और एचआईवी (128 टेस्ट) जैसी महत्वपूर्ण पैथोलॉजिकल जांचें पूरी तरह निःशुल्क कीं, जिसमें एक मरीज एचआईवी रिएक्टिव पाया गया जिसे आगे के इलाज के लिए गाइड किया गया। नेत्र रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 225 मरीजों की आंखों की गहन जांच की, जिनमें से 110 जरूरतमंदों को मौके पर ही निशुल्क नजर के चश्मे और दवाइयां वितरित की गईं, जबकि मोतियाबिंद से ग्रसित गंभीर रोगियों को मुफ्त ऑपरेशन के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। इसके अतिरिक्त, श्रवण दोष से पीड़ित 50 बुजुर्गों को कान की अत्याधुनिक मशीनें प्रदान की गईं। महासमिति के सचिव बीपी पांडेय और शिविर के संयोजक धनंजय द्विवेदी ने डॉक्टरों की टीम का आभार जताया, जिसके बाद मुख्य अतिथि ने परिसर में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पीपल, बरगद, पाकड़ और आम जैसे पंच देव वृक्षों का रोपण किया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## कुप्रथा का अभिशाप

महिला हिंसा की मानसिकता के खिलाफ देशभर में एक सहमति जरूर बनी है लेकिन तमाम कदम उठाए जाने, जागरूकता अभियान चलाने और कानून बनने के बावजूद समाज का एक बड़ा हिस्सा इसकी जकड़न से मुक्त नहीं हो पाया है। समान अधिकार और समान अवसर की बातें आज भी हवा हवाई ही हैं। आधुनिक और प्रगतिशील वर्ग तो इसके रास्ते पर चल रहा है लेकिन एक बड़ा हिस्सा इन बातों के प्रति पूरी तरह से उदासीन रहते हुए पारंपरिक कुप्रथाओं से बाहर नहीं आना चाहता। इसका सबसे प्रमुख उदाहरण दहेज की समस्या है जिसके खिलाफ सबसे ज्यादा और हर तरह के अभियान चले लेकिन इसी की वजह से आज भी महिलाओं की जानें जा रही हैं। हाल के दिनों में मध्य प्रदेश की त्विषा शर्मा, ग्रेटर नोएडा की दीपिका नागर और नोएडा की पूजा नागर आदि से जुड़ी खबरें इसी की बानगी हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार अकेले वर्ष 2022 में दहेज के कारण साढ़े छह हजार से अधिक महिलाओं की जान गई थी। आज भी रोजाना अमूमन 16 महिलाएं दहेज के कारण मौत के मुंह में समा रही हैं। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 की रिपोर्ट के अनुसार करीब तीस प्रतिशत महिलाएं शादी के बाद घरेलू हिंसा झेलने के लिए मजबूर हैं। विडंबना यह है कि शिक्षित और अशिक्षित-दोनों ही वर्गों में इसकी जड़ें आज भी मजबूती के साथ जमी हुई हैं। एक रिपोर्ट बताती है कि दहेज हत्या में दिल्ली शीर्ष पर है। अब लगता है कि शिक्षित होने का भी इस कुप्रथा से कोई जुड़ाव नहीं बल्कि यह सीधे-सीधे सोच की बात है। माना जाता है कि परंपरा के नाम पर जारी कुछ अमानवीय कुप्रथाएं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के उस हिस्से में चलन में होती हैं जो किन्हीं कारणोंवश शिक्षा और प्रगतिशील मूल्यों से दूर रह गए या विकास यात्रा में पिछड़ गए लेकिन इसे क्या कहा जाए कि दिल्ली, नोएडा, मुंबई, बेंगलुरु या किसी अन्य बड़े महानगर में भी कई लोग कुरीतियों के निर्वाह को लेकर उतने ही संकीर्ण घेरे में जीते हैं। आज भी यह समझना मुश्किल है कि उच्च शिक्षित और आधुनिक मूल्यों के साथ जीने वाले कथित संभ्रांत परिवारों के भीतर भी दहेज जैसी विकृत परंपरा के प्रति इतना लगाव क्यों बचा हुआ है कि वे बहू के उत्पीड़न और कई बार हत्या कर देने की सीमा तक चले जाते हैं। आज भी दहेज के कारण उत्पीड़न, आत्महत्या और हत्या की घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि इस समस्या पर कड़ी कानूनी कार्रवाई से लेकर सभी वर्गों के बीच सुलझी सोच और जागरूकता अभियानों की बड़ी जरूरत है। धन की लालच में संबंधों की बलि चढ़ा देना पूरी तरह अमानवीय है।

## भठे नाले

मॉनसून के दौरान हल्की बारिश से ही नालों-नालियों का उफना कर सड़कों-गलियों में जलभराव की स्थिति ला देना लखनऊ शहर का आम नजारा है। कुछ देर की बारिश से घंटों पानी भरा रहता है। कुछ इलाकों में तो घरों में भी पानी घुसता है। हर साल बारिश आने के पहले से नाले-नालियां साफ करने की मांग उठती है, नगर निगम इसके लिए दावे-वादे करता है, बजट आवंटित-खर्च होता है और कागजों में सारा काम पूरी तरह से दुरुस्त दिखा दिया जाता है। लेकिन हल्का पानी गिरने पर ही सारे दावों की हकीकत सामने आ जाती है। शहर के अंदरूनी इलाकों में तो यह समस्या नासूर बनी ही हुई है, हजरतगंज चौराहा, प्रेस क्लब, कालिदास मार्ग, कैसरबाग सब्जी मंडी, ताज होटल के सामने, स्टेडियम के सामने जैसी विशिष्ट और भीड़भाड़ वाली जगहों तक पर दो-दो, तीन-तीन घंटे पानी जमा रहता है। इस साल भी बारिश का मौसम कुछ समय बाद आने वाला है लेकिन नालों की सफाई को लेकर नगर निगम पूरी तरह इत्मीनान में है। दावे अभी से हैं कि सारा काम बेहद चुस्ती के साथ चल रहा है लेकिन सड़क से गुजरते हुए एक नजर वहां के नाले-नालियों पर डालने से सारी चुस्ती की असलियत पता चल जाती है। नालों में कूड़े-मलबे-कचरे के ढेर गंजे हुए हैं जिन्हें देखने से ही यह बात सामने आ जाती है कि इनमें से पानी गुजरने की कोई सूरत तो है ही नहीं। ध्यान रखने की बात यह भी है कि शहर की गलियों और सड़कों के किनारों का इकट्ठा कूड़ा नगर निगम तमाम कोशिशों के बाद भी नहीं उठवा पा रहा है। ऐसे में बारिश के बाद इस ढेर के फैलने से रास्ते तो बाधित होंगे ही, तमाम बीमारियां फैलने का खतरा भी पैदा हो जाएगा। जरूरत इस बात की है कि नगर निगम के संबंधित अधिकारी इस समस्या के प्रति अपनी जिम्मेदारी को महसूस करें तथा इसका समाधान निकालने के लिए त्वरित रूप से आवश्यक कदम उठाएं ताकि राजधानीवासियों को एक बार फिर नर्क से होकर न गुजरना पड़े।

## काँव-काँव

♦♦♦

**तीन दिन देरी से केरलम पहुंचे मानसूनी बादल**
कोई बात नही, यहां किसको तैरने की जल्दी है!
**नाच गाने पेंटिंग से थमती है जैविक उम्र की गति**
कोरोना वैक्सीन लगी,हजारों नाचते ही मर गये!
**टीसीएस के बाद विप्रो में भी धर्मांतरण के आरोप**
बीफ कंपनियों के चंदे से बना राममंदिर बेदाग़?
**महतारी शब्द में वात्सल्य का भाव-रामभद्राचार्य**
नयी पीढ़ी के लिये तो बच्चे पालना सिरदर्द है!
**मोदी सरकार अमेरिका के सामने सरेंडर -राहुल**
क्योंकि अब हमारा फादरलैंड इजरायल है!
**विश्व पर्यावरण दिवस,संकल्प एक भविष्य अनेक**
पेड़ काटते रहो, पर्यावरण दिवस मनाते रहो

♦♦♦

# क्यों बिखर रही तृणमूल कांग्रेस

**तृणमूल कांग्रेस पश्चिमी बंगाल में टूट टूट कर बिखरने को है । यहां तक कि पचास विधायक,15 लोकसभा सांसद और 09राजसभा सांसद, एक आद हजार पार्षद, मेयर, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के काउंसलर, कोलकाता की पूरी पार्षद दल, विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद घर बैठे हैं और पार्टी द्वारा बुलाए जाने पर भी कार्यक्रमों नहीं जा रहे हैं। अधिकतर लोग भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना चाहते हैं परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने तय किया है कि किसी को शामिल नहीं किया जाएगा। यद्यपि सूत्रों माने तो राज्य सभा सांसदों को कुछ रियायत मिलने के संकेत हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी को राज्य सभा में दो तिहाई बहुमत के लिए 15 सीट चाहिए क्योंकि उसके पास राजग की 148 सीट है। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी घर से निकलने हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। अभिषेक बनर्जी को ईडी सीबीआई का डर सता रहा है। बताया जाता है अभिषेक बनर्जी के पास 200करोड़ की नामी बेनामी संपत्ति है।**

तृणमूल कांग्रेस पश्चिमी बंगाल में टूट टूट कर बिखरने को है । यहां तक कि पचास विधायक,15 लोकसभा सांसद और 09राजसभा सांसद, एक आद हजार पार्षद, मेयर, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के काउंसलर, कोलकाता की पूरी पार्षद दल, विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद घर बैठे हैं और पार्टी द्वारा बुलाए जाने पर

**- अजय दीक्षित**

भी कार्यक्रमों नहीं जा रहे हैं। अधिकतर लोग भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना चाहते हैं परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने तय किया है कि किसी को शामिल नहीं किया जाएगा। यद्यपि सूत्रों माने तो राज्य सभा सांसदों को कुछ रियायत मिलने के संकेत हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी को राज्य सभा में दो तिहाई बहुमत के लिए 15 सीट चाहिए क्योंकि उसके पास राजग की 148 सीट है।

तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी घर से निकलने हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। अभिषेक बनर्जी को ईडी सीबीआई का डर सता रहा है। बताया जाता है अभिषेक बनर्जी के पास 200करोड़ की नामी बेनामी संपत्ति है।

सरकार के पूर्व मंत्री, कई विधायक,गुंडे, हफ्ता वसूली करने वाले, टोला वाजी करने वाले, बाग्लादेश मुस्लिम,सब परेशान हैं। पूरा बंगाल का रेडी, पटरी, अवैध मकान,जमीन घेरने वाले भाग रहे हैं या सीखचों का इतजार कर रहे हैं। जिसमें मुस्लिम अवैध धंधे बाज़,इनकी तो जैसे समत आ गई है। टाइम्स ऑफ इंडिया के जयंत घोषाल कहते हैं कि जैसे बंगाल में अनुशासन आ गया है। हावड़ा जंक्शन, कोलकाता, मुर्शिदाबाद, मालदा, वीरभूमि, मेदिनीपुर, बांकुरा, चौबीस परगना, प्रेसीडेंसी कोलकाता,में जमकर अतिक्रमण तोड़े जा रहे है।1978 बाद पहली बार ईद की नवाज़ सड़क पर नहीं हुई बल्कि परेड ग्राउंड में हुई कोई भाषण नहीं किया।किसी भी सड़क पर बंगाल कोई नवाज नहीं हुई । अभी तो मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी का पूरा मंत्री मंडल नहीं बना है।

जिस पर ऐसे हालात है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार ने बंगाल को चारसौ कंपनी बीएसएफ की दी है। सुबेंदु प्रतिदिन सुबह चार बजे से रात दो बजे तक सक्रिय है। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी गए थे 1 लाख करोड़ प्रस्ताव सड़क, बिजली,





पानी, नेशनल हाईवे, देकर आए जो शायद 15 जून केंद्रीय मंत्री परिषद बैठक में पास होगे। जिसमें शिक्षा का उन्नयन, विश्वविद्यालय,कला संस्कृति, अध्यात्म, पर्यटन,का विशेष पैकेज भी शामिल होगा।

पश्चिमी बंगाल में 1977 में लेफ्ट पार्टियों की सरकार बनी लेफ्ट पार्टियों ने कांग्रेस का दामन किया यहां तक कि पूरा लोकतंत्र का अपहरण कर लिया और विपक्ष को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया।23 वर्ष ज्योति बसु मुख्यमंत्री रहे और 11 वर्ष बुद्धदेव भट्टाचार्य मुख्यमंत्री रहे ।इन वर्षों में लेफ्ट पार्टियों ने बूथ जाम करने का नया तरीका ईजाद किया। लेकिन ममता बनर्जी जैसी जुझारू महिला ने अकेले दम पर 34 साल की लेफ्ट पार्टियों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर में उखाड़ फेंका। लेकिन ममता बनर्जी 2016 तक तो कुछ हद तक लोकतांत्रिक रही थी लेकिन तुड़मूल ने भी लेफ्ट पार्टियों की तरह काम करना शुरू कर दिया। कट मनी, टोला वाजी, भ्रष्टाचार, भाई भतीजा बाद जम कर किया। लेफ्ट समाप्त होगयी थी ।2016 से पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी जड़े जमाना शुरू कर दिया था। भारतीय जनता पार्टी 2016 विधानसभा चुनाव में मात्र 11 फीसदी वोट लाकर तीन सीट ही जीत सकी।2019 के लोकसभा चुनाव मील का पत्थर साबित हुआ भारतीय जनता पार्टी ने 40 फीसदी वोट लाकर 42 में से 18 सीट जीती थी।2024 लोकसभा में वोट शेयर 39 फीसदी रहा मगर सीट 12 रह गई । 2021के विधानसभा चुनाव को भारतीय जनता पार्टी ने पूरे दम खम से लड़ा और 40 फीसदी वोट लाकर 77 सीट 294 में से जीती यह अदभुत था ।2026 में भारतीय जनता पार्टी ने 46 फीसदी वोट लाकर 207 सीट जीती और ममता बनर्जी युग का अंत कर दिया।

अब ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है क्योंकि तुड़मूल विचारधारा की पार्टी नहीं है। उसके लोग पहले सीपीएम सीपीई आरएसपी लेफ्ट पार्टियों में थे।

तृणमूल कांग्रेस अब हर स्तर पर बिखर रही हैं क्योंकि बंगाल में पार्टियों लोग धन कमाने रहते हैं।ये लोग हत्या, लूट, जुआ, अवैध शराब, कट मनी, टोला वाजी,में शामिल रहते हैं। बंगाल में पिछले 50 वर्षों में इन लोगों ने सभी उद्योग धंधे बंद करा दिए। भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासन पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी से कहा है कि बंगाल की कला संस्कृति, अध्यात्म, पर्यटन को जिंदा करने का कार्य करो।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

कोई 'ओम्' जपने के अधिकार और अनधिकार की चर्चा से भयभीत है. तो कोई महात्माओं की दुहाई देता है अथवा कोई श्रीकृष्ण ही नहीं, उनसे पहले राधा और गोपियों का नाम भी उनकी शीघ्र प्रसन्नता के लोभ में जपता है। पुरुष श्रद्धामय है इसलिये उसका ऐसा जपना मात्र भावुकता है। यदि आप सचमुच भाविक हैं तो उनके आदेश का पालन करें।

वे अव्यक्त में स्थित होते हुए भी आज आपके सामने नहीं हैं लेकिन उनकी वाणी आपके समक्ष है। उनकी आज्ञा का पालन करें अन्यथा आप ही बताइये कि गीता में आपका क्या स्थान हैं? हाँ, इतना अवश्य है कि 'अध्येष्यते च य इम्मं.... श्रद्धावाननसूयश्च शृणुयादपि यो नरः।'- जो अध्ययन करता है, सुनता है वह ज्ञान तथा यज्ञ को जान लेता है, शुभ लोकों को पा जाता है। अतः अध्ययन अवश्य करें। प्राण-अपान के चिन्तन में 'कृष्ण' नाम का क्रम पकड़ में नहीं आता।

बहुत से लोग कोरी भावुकतावश केवल 'राधे-राधे' कहने लगे हैं। आजकल अधिकारियों से काम न होने पर उनके सगे-सम्बन्धियों से, प्रेमी या पत्नी से 'सोर्स लगाकर काम चला लेने की परम्परा है। लोग सोचते हैं कि कदाचित् भगवान के घर में भी ऐसा चलता होगा, अतः उन्होंने 'कृष्ण' कहना बन्द करके 'राधे-राधे' कहना आरम्भ कर दिया। वे कहते हैं- 'राधे-राधे! श्याम मिला दे।' राधा एक बार बिछुड़ी तो स्वयं श्याम से नहीं मिल पायी, वह आपको कैसे मिला दे? अतः अन्य किसी का कहना न मानकर श्रीकृष्ण के आदेश को आप अक्षरशः मानें, ओम् का जप करें। हाँ, यहाँ तक उचित है कि राधा हमारा आदर्श हैं, उतनी ही लगन से हमें भी लगना चाहिये। यदि पाना है तो राधा की तरह विरही बनना है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नाहारं चिन्तयेत्प्राज्ञो धर्ममेकं हि चिन्तयेत्‌द्ध।**
**आहारो हि मनुष्याणां जन्मना सह जायते।।**

विद्वान् व्यक्ति को अपने आहार की चिंता न करते हुए केवल धर्म के अनुष्ठान में प्रवृत्त होना चाहिए, क्योंकि आहार तो व्यक्ति के जन्म के साथ ही उत्पन्न हो जाता है।

♦♦♦

# गरीब मरीज पूछ रहा है– क्या मेरा जीवन इतना सस्ता है?

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने



**- डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'**

जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी (रूटीन) केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति का; वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता है–इसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन?

एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करती; वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है।

विडंबना यह है कि इस व्यवस्था का सबसे बड़ा बोझ उसी वर्ग पर पड़ रहा है, जिसके नाम पर राजनीति सबसे अधिक होती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति निजी अस्पताल में कुछ घंटों या दिनों में जांच करा लेता है, लेकिन मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह विकल्प अक्सर पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में उसके सामने दो ही रास्ते बचते हैं–कर्ज लेकर निजी जांच कराए या दर्द और आशंका के बीच सरकारी अस्पताल की लंबी प्रतीक्षा सहे। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी दर्पण है। स्वास्थ्य सुविधाएं आय से नहीं, आवश्यकता से तय होनी चाहिए, किंतु मौजूदा व्यवस्था में पैसे वालों को समय मिलता है और अभावग्रस्तों को इंतजार।

लंबी वेटिंग लिस्ट वर्षों से बढ़ती मांग और अपर्याप्त संसाधन विस्तार की कीमत है। मरीजों का बोझ बढ़ता रहा, लेकिन डॉक्टरों, विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या लगभग वहीं ठहरी रही। कई सुपर-स्पेशियलिटी विभाग सीमित मानव संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि रेडियो डायग्नोसिस जैसे अहम विभाग पर्याप्त स्टाफ के अभाव में अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे। परिणाम सामने है–संसाधन मौजूद हैं, पर सेवाएं नहीं; मशीनें हैं, पर समय पर जांच नहीं। प्रश्न यह है कि जब बढ़ती जरूरतें वर्षों से दिखाई दे रही थीं, तब उनकी तैयारी क्यों नहीं की गई? आखिर किस स्तर की चूक ने देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों को भी प्रतीक्षा के संकट में धकेल दिया? जब राजनीति का केंद्र तात्कालिक लोकप्रियता बन जाए, तब अस्पतालों की जरूरतें अक्सर हाशिये पर चली जाती हैं। यही कारण है कि मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन घोषणाओं पर अरबों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन डॉक्टरों की भर्ती, नई मशीनों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए संसाधनों का अभाव बताया जाता है। विडंबना यह है कि वोट के लिए खजाना खुल जाता है, पर जीवन बचाने के लिए बजट सीमित पड़ जाता है। वास्तविक जनकल्याण मुफ्त सुविधाएं बांटने में नहीं, बल्कि ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था खड़ी करने में है जहां किसी मरीज को जांच के लिए महीनों प्रतीक्षा न करनी पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर गंभीर निवेश ही देश की तस्वीर बदल सकता है। अब जरूरत आश्वासनों नहीं, कार्रवाई की है। एम्स भोपाल में अतिरिक्त सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें लगाई जाएं तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों, तकनीशियनों और कर्मचारियों की भर्ती हो। उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए 24 घंटे शिफ्ट आधारित संचालन लागू किया जाए। आयुष्मान भारत के दायरे में सभी आवश्यक जांचें लाई जाएं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी से सुविधाओं का विस्तार हो, बिना मरीजों पर अतिरिक्त बोझ डाले। साथ ही, डिजिटल अपॉइंटमेंट प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए। एम्स भोपाल की स्थिति को चेतावनी मानते हुए देशभर के सरकारी अस्पतालों में संसाधन और मानवबल बढ़ाना अनिवार्य है, ताकि मरीजों को इलाज मिले, इंतजार नहीं।

स्वास्थ्य व्यवस्था का बोझ केवल एम्स जैसे संस्थानों के भरोसे नहीं उठाया जा सकता। जब जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होंगी, तो बड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए स्वास्थ्य शिक्षा, रोग-निवारण और प्रारंभिक जांच व्यवस्था को मजबूत करना उतना ही जरूरी है, जितना उपचार सुविधाओं का विस्तार। मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने, विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक जांच सुविधाएं पहुंचाने पर भी समान ध्यान देना होगा। आखिर स्वास्थ्य व्यवस्था केवल भवनों से नहीं, बल्कि सक्षम मानव संसाधन और जवाबदेह प्रशासन से मजबूत बनती है। स्वास्थ्य कोई दया या उपकार नहीं, बल्कि नागरिक का मौलिक अधिकार है। यदि किसी मरीज को अपनी बीमारी की सच्चाई जानने के लिए महीनों प्रतीक्षा करनी पड़े, तो यह व्यक्तिगत दुर्भाग्य नहीं, व्यवस्था की नाकामी है। एम्स भोपाल की चार माह लंबी जांच प्रतीक्षा सूची इसी विफलता का प्रतीक है। यह मौन संकट हजारों परिवारों की चिंता बढ़ा रहा है। सरकारों को याद रखना होगा कि अस्पतालों की कतारों में खड़े लोग आंकड़े नहीं, इंसान हैं। यदि स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं मिली, तो जनकल्याण के दावे अर्थहीन रह जाएंगे। आखिर सवाल यही है– क्या एक गरीब मरीज के लिए महीनों का इंतजार सामान्य हो गया है? क्योंकि जांच में हर देरी कई बार जीवन की संभावनाएं भी कम कर देती है। ऐसी व्यवस्था पर गर्व नहीं किया जा सकता, जहां बीमारी की रफ्तार उपचार से तेज हो।

## प्रेरक प्रसंग

### धन सफलता प्रेम

एक दिन एक औरत अपने घर के बाहर आई और उसने तीन संतों को अपने घर के सामने देखा। वह उन्हें जानती नहीं थी। औरत ने कहा कृपया भीतर आइये और भोजन ...करिये।

संत बोले क्या तुम्हारे पति घर पर हैं?

औरत ने कहा नहीं, वे अभी बाहर गए हैं।

संत बोले हम तभी भीतर आयेंगे जब वह घर पर हों।

शाम को उस औरत का पति घर आया और औरत ने उसे यह सब बताया।

औरत के पति ने कहा जाओ और उनसे कहो कि मैं घर आ गया हूं और उनको आदर सहित बुलाओ।

औरत बाहर गई और उनको भीतर आने के लिए कहा।

संत बोले हम सब किसी भी घर में एक साथ नहीं जाते।

पर क्यों? औरत ने पूछा।

उनमें से एक संत ने कहा मेरा नाम धन है फिर दूसरे संतों की ओर इशारा कर के कहा इन दोनों के नाम सफलता और प्रेम हैं। हममें से कोई एक ही भीतर आ सकता है। आप घर के अन्य सदस्यों से मिलकर तय कर लें कि भीतर किसे निमंत्रित करना है।

औरत ने भीतर जाकर अपने पति को यह सब बताया। उसका पति बहुत प्रसन्न हो गया और बोला यदि ऐसा है तो हमें धन को आमंत्रित करना चाहिए। हमारा घर खुशियों से भर जाएगा।

लेकिन उसकी पत्नी ने कहा मुझे लगता है कि हमें सफलता को आमंत्रित करना चाहिए।

उनकी बेटी दूसरे कमरे से यह सब सुन रही थी। वह उनके पास आई और बोली मुझे लगता है कि हमें प्रेम को आमंत्रित करना चाहिए। प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

तुम ठीक कहती हो, हमें प्रेम को ही बुलाना चाहिए उसके माता-पिता ने कहा।

औरत घर के बाहर गई और उसने संतों से पूछा आप में से जिनका नाम प्रेम है वे कृपया घर में प्रवेश कर भोजन ग्रहण करें।

प्रेम घर की ओर बढ़ चले। बाकी के दो संत भी उनके पीछे चलने लगे। औरत ने आश्चर्य से उन दोनों से पूछा मैंने तो सिर्फ़ प्रेम को आमंत्रित किया था। आप लोग भीतर क्यों जा रहे हैं?

उनमें से एक ने कहा यदि आपने धन और सफलता में से किसी एक को आमंत्रित किया होता तो केवल वही भीतर जाता। आपने प्रेम को आमंत्रित किया है। प्रेम कभी अकेला नहीं जाता। प्रेम जहां-जहां जाता है, धन और सफलता उसके पीछे जाते हैं।

## आपका पत्र मिला

### कम संसाधनों में भी मिलता है आनंद

अपरिग्रह और सादगीपूर्ण जीवन को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऊर्जा और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, जैविक खेती को अपनाने, ईंधन की खपत कम करने तथा अनावश्यक उपभोग से बचने की अपील केवल आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक नई दिशा है।

ऐसे समय में जब दुनिया कोविड-19, युद्ध, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब यह संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। आज भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल और 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात करता है। ऐसे में संसाधनों का संयमित उपयोग केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि विकास और समृद्धि की परिभाषा को केवल उपभोग और भौतिक संपदा तक सीमित न रखा जाए। भगवान महावीर का अपरिग्रह, भारतीय जीवन-दर्शन की सादगी और आधुनिक मिनिमलिस्ट जीवनशैली मिलकर हमें यह सिखाती है कि कम संसाधनों में भी संतोष, स्वतंत्रता और आनंद प्राप्त किया जा सकता है। संकटों के इस दौर में यही जीवन-दृष्टि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को स्थायी विकास की दिशा में आगे बढ़ा सकती है।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# बच्चों को जरूर सिखाएं साइबर सेफ्टी से जुड़ी बातें

इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़ने के साथ देश में पॉर्न देखने का ट्रेंड भी बढ़ता जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में अपराध का जन्म हो रहा है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी को बैन करने की उठ रही मांग के बीच सुप्रीम कोर्ट आज इस पर अपना फैसला सुनाएगी कि पॉक्सो अधिनियम के तहत बाल पोर्न देखना अपराध है या नहीं?

**बच्चों के खिलाफ बढ़ रहे साइबर क्राइम :** दरअसल मद्रास हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि केवल बच्चों के अश्लील वीडियो को डाउनलोड करना और उसे देखना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत आने वाला अपराध नहीं है। ऐसे में देश के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022 में नाबालिगों के खिलाफ साइबर अपराध के 1823 मामले सामने आए थे, जबकि 2021 में यह संख्या 1376 थी। बच्चों को फंसाने के लिए ये गेमिंग वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल, चैट रूम, इंस्टेंट मैसेजिंग का इस्तेमाल किया जाता है। क्या है चाइल्ड पोर्नोग्राफी : हाल के वर्षों में इंटरनेट की आसान पहुंच और इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध वीडियो के कारण चाइल्ड पोर्नोग्राफी में वृद्धि हुई है।चाइल्ड पोर्नोग्राफी का मतलब किसी भी प्रकार की ऐसी सामग्री (जैसे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट) से है जिसमें बच्चों का यौन शोषण या आपत्तिजनक दृश्य शामिल होते हैं। यह एक गंभीर अपराध है और कई देशों में इसे कड़े कानूनों के तहत दंडनीय माना जाता है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी न केवल बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है, बल्कि यह उनके अधिकारों का भी उल्लंघन करती है।



**बच्चों को इससे दूर रखने के तरीके-** बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर नज़र रखें और सुनिश्चित करें कि वे सुरक्षित वेबसाइटों पर ही जाएं। बच्चों के लिए उपयुक्त सामग्री को देखने के लिए पेरेंटल कंट्रोल और फिल्टरिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग करें। बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में शिक्षित करें। उन्हें सिखाएं कि किसी भी अजनबी से ऑनलाइन बातचीत न करें और कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। समझाएं कि ऑनलाइन अजनबियों से तस्वीरें या वीडियो साझा करना खतरनाक हो सकता है। बच्चों की गोपनीयता को सुरक्षित रखने के लिए उनकी सोशल मीडिया सेटिंग्स को प्राइवेट रखें। **खुला संवाद रखें :** बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत करें और उनसे जानें कि वे ऑनलाइन क्या कर रहे हैं। यदि वे किसी संदिग्ध सामग्री या व्यक्ति के संपर्क में आते हैं, तो उन्हें तुरंत माता-पिता या शिक्षक को बताने के लिए प्रोत्साहित करें। उन ऐप्स और गेम्स का उपयोग करें जो बच्चों के लिए उपयुक्त हों। अगर कोई ऐप या गेम संदिग्ध या अनुपयुक्त सामग्री दिखा रहा है, तो उसे तुरंत ब्लॉक या हटाएं।

**रिपोर्ट और ब्लॉकिंग :** अगर कोई संदिग्ध सामग्री या गतिविधि दिखाई दे, तो संबंधित वेबसाइट या प्लेटफ़ॉर्म को रिपोर्ट करें। कई प्लेटफ़ॉर्म पर आपत्तिजनक सामग्री को रिपोर्ट करने और ब्लॉक करने की सुविधा होती है।माता-पिता को यह जानना चाहिए कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कानूनन दंडनीय है। अगर बच्चे इसके शिकार होते हैं, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें और कानूनी कार्रवाई करें।

**मनोचिकित्सक की सलाह लें :** यदि बच्चे को किसी प्रकार का मानसिक या भावनात्मक शोषण हुआ है, तो तुरंत एक मनोचिकित्सक से सलाह लें। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद ज़रूरी है। बच्चों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी से सुरक्षित रखने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और समाज के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

# मां- बाप के साथ गले लगकर सोने से स्मार्ट और मजबूत बनता है बच्चा

जब आप अपने फोन की ओर हाथ बढ़ाएं, तो इससे पहले अपने बच्चे को कम से कम 20 सेकंड के लिए गले लगाने की कोशिश करें। क्योंकि हर दिन अपने बच्चे को गले लगाने के लिए समय निकालना आपको और आपके बच्चे को बहुत सारे लाभ प्रदान कर सकता है। बच्चे को गले लगाकर सुलाना न केवल उनके लिए, बल्कि माता-पिता के लिए भी एक सुखद अनुभव होता है।

**संबंध होता है मजबूत**

त्वचा का संपर्क या शारीरिक स्पर्श, जैसे गले लगाना और पकड़ना, आपके बच्चे को स्वस्थ मस्तिष्क और मज़बूत शरीर विकसित करने में मदद करने के बेहतरीन तरीके हैं। चिकित्सकों ने पाया है कि जब बच्चों को शारीरिक संपर्क नहीं मिलता है, तो उनका शारीरिक विकास धीमा हो सकता है।गले लगाकर सोने से माता-पिता और बच्चे के बीच का संबंध मजबूत होता है और बच्चे को सुरक्षा और प्यार का अहसास होता है। चलिए जानते हैं इसके और भी फायदे।

**भावनात्मक सुरक्षा**

जब बच्चे को गले लगाकर सुलाया जाता है, तो उसे सुरक्षा और स्नेह का अहसास होता है। इससे बच्चे को यह भरोसा मिलता है कि वे सुरक्षित और संरक्षित हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। गले लगाकर सोने से माता-पिता और बच्चे के बीच गहरा भावनात्मक संबंध बनता है। यह संबंध बच्चे के मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण है और जीवनभर के लिए स्थाई रहता है।

**तनाव और चिंता में कमी**

शारीरिक स्पर्श, जैसे कि गले लगाना, बच्चे के शरीर में ऑक्सीटोसिन हार्मोन का स्राव बढ़ाता है, जिसे लव हार्मोन भी कहा जाता है। इससे बच्चे को तनाव और चिंता में कमी महसूस होती है और वह आराम से सो सकता है।

**नींद की गुणवत्ता में सुधार**

बच्चे को गले लगाकर सुलाने से उसकी नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। उसे अधिक आरामदायक और गहरी नींद मिलती है, जिससे वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है।

गले लगाकर सोने से बच्चे के हृदय की धड़कन स्थिर रहती है, और उसकी श्वास सामान्य होती है। इससे शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और बीमारियों का खतरा कम होता है।

**अच्छी आदतों का विकास**

जब बच्चे को नियमित रूप से गले लगाकर सुलाया जाता है, तो यह उसकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है। इससे बच्चे में नियमितता और अनुशासन की भावना विकसित होती है। भावनात्मक सुरक्षा और स्थिरता बच्चे के मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इससे वह नए कौशल और ज्ञान को अधिक तेजी से सीख सकता है और आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना कर सकता है।

**समाजिक विकास**

जब बच्चे को गले लगाकर सोने की आदत डाली जाती है, तो वह दूसरों के प्रति भी संवेदनशील और प्यार भरा व्यवहार दिखाता है। यह उसके समाजिक विकास में सहायक होता है और वह दूसरों के साथ बेहतर संबंध बना पाता है।

गले लगाकर सोने से बच्चे के लिए सकारात्मक और स्वस्थ रिश्तों का आधार बनता है। वह समझता है कि स्नेह और प्यार से भरे रिश्ते कितने महत्वपूर्ण होते हैं, जो उसे भविष्य में भी अच्छे संबंध बनाने में मदद करता है।

# जन्मदिन पर बच्चों के हर मूवमेंट को यूं करें कैप्चर



बच्चे का पहला जन्मदिन एक बहुत ही खास अवसर होता है, और इसे यादगार बनाने के लिए फोटोशूट करवाना एक बेहतरीन तरीका है। सही थीम, लोकेशन, और आउटफिट्स के साथ, आप अपने बच्चे के इस खास दिन को खूबसूरत तस्वीरों में कैद कर सकते हैं। यहां कुछ बेहतरीन तरीके दिए गए हैं, जो आपके बच्चे के पहले बर्थडे के फोटोशूट को अनोखा और खास बना सकते हैं- स्मैश केक थीम : केक स्मैश फोटोशूट बच्चे के पहले बर्थडे पर बहुत लोकप्रिय है। इसमें बच्चे को एक सजाए गए केक के साथ बैठाया जाता है, और उसे केक को अपने तरीके से खाने या खेलने दिया जाता है। बच्चे का केक के साथ खेलना और उसकी मासूमियत भरी तस्वीरें आपको और परिवार को हमेशा याद रहेंगी।बैकग्राउंड में हल्के रंगों का इस्तेमाल करें और बच्चे को क्यूट आउटफिट पहनाएं। फेवरेट टॉय थीम : अगर आपके बच्चे का कोई पसंदीदा खिलौना है, तो आप इसे थीम बना सकते हैं। बच्चे को उसके खिलौने के साथ खेलने दें और उस दौरान उसकी नेचुरल तस्वीरें लें। रंग-बिरंगे खिलौने और मज़ेदार प्रॉप्स के साथ फोटोशूट को जीवंत और आकर्षक बनाया जा सकता है। बैलून और बबल थीम : बैलून और बबल्स से सजी एक सेटिंग बच्चे के लिए आकर्षक और मजेदार होगी। बैलून के विभिन्न रंगों से एक सुंदर बैकग्राउंड तैयार करें। बबल्स उड़ाने के लिए कोई प्रॉप का इस्तेमाल करें और बच्चे को बबल्स के साथ खेलते हुए कैप्चर करें। यह न केवल मजेदार होगा, बल्कि तस्वीरें भी बहुत क्यूट आएंगी। नेचर थीम : अगर आप आउटडोर फोटोशूट कराना चाहते हैं, तो पार्क या गार्डन जैसी जगह चुनें। बच्चे को हरियाली, फूलों, या पेड़ों के बीच खेलते हुए फोटोशूट कराएं। आउटडोर फोटोशूट में बच्चे की मासूमियत और नेचर के खूबसूरत रंगों को एक साथ कैप्चर किया जा सकता है। फैमिली फोटोशूट : बच्चे के साथ पूरा परिवार भी फोटोशूट में शामिल हो सकता है। मम्मी-पापा, भाई-बहन के साथ नेचुरल पोज़ में फोटो खींचवाना यादगार रहेगा। बच्चे के पहले जन्मदिन की खुशी में परिवार के साथ कुछ कैंडिड और प्यार भरी तस्वीरें कैप्चर करें। माइलस्टोन फोटोशूट : बच्चे के पहले साल के सभी माइलस्टोन को दिखाने वाला एक फोटोशूट भी कर सकते हैं। 1 महीने से लेकर 12 महीने तक की सभी प्रमुख घटनाओं को छोटे-छोटे प्रॉप्स या बोर्ड्स के माध्यम से कैप्चर करें। हर महीने के हिसाब से बैकग्राउंड तैयार किया जा सकता है और उस महीने की स्पेशलिटी को दर्शाया जा सकता है। बच्चे के नाम या उम्र के साथ प्रॉप्स : बच्चे के नाम या उसकी उम्र को दिखाने वाले बड़े अक्षर, बैलून या बोर्ड का इस्तेमाल करें। इससे बच्चे का बर्थडे स्पेशल लगेगा और तस्वीरें भी आकर्षक दिखेंगी। इसके साथ आप बर्थडे केक या खिलौनों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

बच्चे का पहला बर्थडे एक ऐसा समय होता है जिसे आप हमेशा याद रखना चाहेंगे। सही थीम और प्रॉप्स के साथ, आप अपने बच्चे के इस खास दिन को खूबसूरत तस्वीरों में संजो सकते हैं।

## पहेलियां

1. बोल नहीं पाती हूँ मैं,
और सुन नहीं पाती।
बिना आँखों के हूँ अंधी,
पर सबको राह दिखाती।

2. तीन अक्षर का मेरा नाम,
बीच कटे तो रिश्ते का नाम।
आखिरी कटे तो सब खाए,
भारत के तीन तरफ दिखाए।

3. शुरू कटे तो कान कहलाऊँ, बीच कटे तो मन बहलाऊँ।
परिवार की मैं करूँ सुरक्षा
बारिश, आँधी, धूप से रक्षा।

4. सोने की वह चीज है,
पर बेचे नहीं सुनार।
मोल तो ज्यादा है नहीं,
बहुत है उसका भार।

**उत्तर :-** 4-चारपाई, 2-सागर, 1-पुस्तक, 3-मकान।

# चाणक्य नीति की इन बातों से अपने बच्चों के व्यवहार को बनाएं बेहतर



हर माता-पिता की चाहत होती है कि उनके बच्चे न केवल गुणी हों बल्कि समझदार भी हों। वे चाहते हैं कि बच्चे जीवन में सफलता प्राप्त करें और बुरे कार्यों से दूर रहकर अच्छे कर्म करें। अक्सर, माता-पिता यह काम बच्चे के बड़े होने पर या जन्म के बाद करना शुरू करते हैं। लेकिन चाणक्य, जो भारतीय राजनीति और अर्थशास्त्र के महान दार्शनिक थे, ने अपनी नीतियों में कुछ महत्वपूर्ण बातें साझा की हैं, जो हमें बच्चों के व्यवहार को सुधारने में मदद कर सकती हैं। चाणक्य के अनुसार, अच्छे गुण और व्यवहार की नींव सही प्रकार से रखी जा सकती है।

चाणक्य नीति के अनुसार बच्चों के व्यवहार को सुधारने के लिए 4 महत्वपूर्ण बातें

**सद्गुणों का आदान-प्रदान**

चाणक्य ने कहा, कि जैसे दीपक अंधकार को समाप्त करता है और काजल उत्पन्न करता है, वैसे ही यदि व्यक्ति अपने अच्छे कार्यों के माध्यम से अपनी आजीविका चलाता है, तो उसकी संतान भी सद्गुणों से युक्त होती है। इसलिए, अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए स्वयं अच्छे गुणों का पालन करें। जब आप खुद ईमानदार और अच्छे इंसान होंगे, तो आपके बच्चे भी आपके गुणों को अपनाएंगे और सद्गुणी बनेंगे।

**अनुशासन और नियमों का पालन**

चाणक्य ने स्पष्ट रूप से बताया है कि अनुशासन और नियम पालन का महत्व अत्यधिक होता है। बच्चों को छोटे-छोटे नियमों का पालन सिखाना उन्हें जिम्मेदार और अनुशासित बनाता है। अनुशासन केवल बाहरी नियमों का पालन नहीं है, बल्कि यह बच्चे के भीतर एक संयम और सेल्फ कंट्रोल को भी विकसित करता है। इस तरह के अनुशासन से बच्चे अपने जीवन में सही निर्णय लेने में सक्षम होते हैं और उनका व्यवहार भी सुधरता है।

**अच्छे आहार और जीवनशैली का महत्व**

चाणक्य ने अच्छे आहार और जीवनशैली पर भी जोर दिया है। उनका मानना था कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का सीधा संबंध अच्छे आहार से होता है। बच्चों को पोषक तत्वों से भरपूर आहार देने से उनकी शारीरिक और मानसिक विकास होता है, जो उनके व्यवहार पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ एक नियमित जीवनशैली, जिसमें उचित नींद और व्यायाम शामिल हो, बच्चों के व्यवहार को सुधारने में सहायक होती है।

**सकारात्मक उदाहरण और मार्गदर्शन**

चाणक्य का मानना था कि माता-पिता के अपने खुद के आचरण से बच्चों पर प्रभाव पड़ता है। यदि आप खुद एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, तो बच्चे भी उन गुणों को अपनाएंगे। अपने व्यवहार, निर्णय और कार्यों से बच्चों को सही मार्गदर्शन दें। यह न केवल उनके नैतिक विकास को बढ़ावा देता है बल्कि उनके सामाजिक व्यवहार को भी सुधारता है।

चाणक्य की नीतियों के अनुसार, अपने बच्चों के व्यवहार को सुधारने के लिए आपको स्वयं अच्छे गुणों का पालन करना होगा, अनुशासन और नियमों का महत्व समझाना होगा, सही आहार और जीवनशैली अपनानी होगी, और सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। इन बातों को अपनाकर आप अपने बच्चों को एक आदर्श व्यक्तित्व और उत्कृष्ट व्यवहार के साथ विकसित कर सकते हैं।

# बच्चे को हो गया है बुखार तो ना करें ये गलतियां

जब बच्चे को बुखार होता है, तो माता-पिता अक्सर घबरा जाते हैं और वह जाने-अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जिससे फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। बुखार एक सामान्य समस्या हो सकती है, लेकिन इसे सही तरीके से हैंडल करना बहुत जरूरी है। यहां कुछ गलतियों के बारे में बताया गया है कि बुखार के समय बच्चे की देखभाल में नहीं करना चाहिए। कई बार माता-पिता बिना डॉक्टर से सलाह किए बीना खुद ही दवा देना शुरू कर देते हैं। यह बच्चे की सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। बुखार के लिए हमेशा डॉक्टर से परामर्श लें और उनके द्वारा बताई गई दवाओं को ही दें। माता-पिता अक्सर बुखार को तुरंत कम करने के लिए ठंडे पानी की पट्टी या बर्फ का इस्तेमाल कर देते हैं, जो बच्चे के शरीर के तापमान को अचानक कम कर सकता है और बच्चे को ठंड लग सकती है। ठंडे पानी की पट्टी की बजाय हल्के गुनगुने पानी का उपयोग करें और धीरे-धीरे बुखार कम होने दें। कुछ माता-पिता बच्चे को बुखार के दौरान गर्म रखने के लिए उसे बहुत सारे कपड़े पहनाते हैं या उसे कम्बल में लपेट देते हैं। इससे शरीर का तापमान और भी बढ़ सकता है। बच्चे को हल्के और आरामदायक कपड़े पहनाएं ताकि शरीर का तापमान नियंत्रित रहे। बुखार में बच्चों का शरीर पानी की कमी से जूझता है, लेकिन अक्सर माता-पिता बच्चे को पर्याप्त तरल पदार्थ नहीं देते। बच्चे को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी, नारियल पानी, सूप, या जूस दें। कई बार माता-पिता बुखार को गंभीरता से नहीं लेते और उसे सामान्य मानकर इलाज में देरी करते हैं। खासकर अगर बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण (जैसे खांसी, उल्टी, या चिड़चिड़ापन) हो, तो यह लापरवाही घातक हो सकती है। अगर बुखार तीन दिनों से ज़्यादा बना रहता है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई माता-पिता बुखार के दौरान बच्चे को ज़बरदस्ती खाना खिलाने की कोशिश करते हैं, सेहत ठीक ना होने के कारण बच्चों का खाने का मन नहीं करता , ऐसे में उनसे जबरदस्ती करना ठीक नहीं। बच्चे को भूख के अनुसार ही हल्का और पौष्टिक खाना दें, जब उसकी भूख लगे। सूप, दलिया, और हल्की खिचड़ी अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

# बैल और कुत्ते

**कहानी**

एक गांव में एक किसान रहता था। उसके पास दो बैल और दो कुत्ते भी थे। एक बार उसे किसी काम से गांव से बाहर जाना था और उसकी समस्या यह थी कि खेत जोतने का भी समय हो गया था और काम पूरा करने के लिए गांव से बाहर भी जाना जरूरी था।

फिर किसान ने उस समस्या का समाधान निकाला और उसने अपने बैलों और कुत्तों को बुलाकर कहा कि मैं कुछ दिनों के लिए गांव से बाहर जा रहा हूं, मेरे लौटने तक तुम लोग सारे खेत जोतकर रखना, ताकि लौटने पर मैं खेतों में बीज बो सकूं। बैलों और कुत्तों ने स्वीकृति में सिर हिलाया।

फिर किसान चला गया और बैलों ने किसान के कहे अनुसार खेत जोतना शुरू कर दिया। और कुत्ते सारा सारा दिन आवारागर्दी में लगे रहे। किसान के लौटने से पहले बैलों ने पूरा खेत जोत दिया, अब कुत्तों ने देखा कि खेतों की जुताई हो गई है और मालिक के लौटने का समय भी हो गया है, तब कुत्तों ने बैलों से कहा कि तुम लोग इतने दिनों से खेत जोत रहे हो, तुम लोग काफी थक गए होंगे, अब तुम लोग घर पर जाकर आराम करो, और हम लोग खेतों की रखवाली करेंगे।



कुत्तों की बात मानकर बैल घर चले गए और खा पीकर आराम करने लगे। इधर कुत्तों ने सारे खेतों में दौड़-भाग करके अपने पैरों के निशान बना दिए, और खेत की मेंड़ पर बैठकर किसान का इंतजार करने लगे, थोड़ी देर में किसान गांव वापस आया और सीधा खेतों में पहुंचा, देखा तो दोनों कुत्ते मेंड़ पर बैठे हुए हैं और खेतों की जुताई हो गई है। परंतु बैले कहीं नजर नहीं आ रहे थे।

कुत्तों ने कहा- मालिक आप जबसे गए थे तभी से हम लोग खेत जोत रहे हैं और अभी काम पूरा करके मेंड़ पर बैठकर आपका इंतजार कर रहे हैं, जबकि बैल घर से बाहर निकलकर खेतों की ओर झांकने भी नहीं आए, वह घर पर ही आराम से सो रहे हैं।

मालिक ने खेतों में जाकर देखा तो उसे हर तरफ कुत्तों के पैरों के निशान मिले, वह कुत्तों के उपर बहुत प्रसन्न हुआ, कुत्तों के साथ वह घर पर वापस लौटा तो देखा कि बैल घर के बाहर बैठे हुए आराम कर रहे थे, किसान बैलों के उपर बहुत क्रोधित हुआ और बैलों को रस्सी से बांध कर उनकी पिटाई कर दी।

फिर कुत्तों को खाने के लिए दूध रोटी और मांस के टुकड़े दिए और बैलों को खाने के लिए सूखा हुआ भूसा दिया। कुत्तों को भरपेट खाना मिलने लगा। कुछ दिनों के बाद किसान के पड़ोसी किसान ने अपने खेत जोतने के लिए उसके कुत्ते मांगे, ये बात जैसे ही दोनों कुत्तों को पता चली तो वो डर गए और उन्होंने अपनी की हुई गलती कि किसान से माफ़ी मांगी लेकिन किसान इस बात से आग बबूला हो उठा और उसने कुत्तों की खूब पिटाई की और आगे से कुत्तों को बासी खाना देने लगा और बैलों को अच्छा अच्छा चारा मिलने लगा।

**कहानी से सीख :** बच्चों इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हम सच्चाई को कितना भी छुपा लें लेकिन आखिर में सच्चाई की जीत ही होती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 6 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, षष्ठी तिथौ शनि वासरे 26/42/ श्रवण नक्षत्रे 06/04/ ऐन्द्र योग 10/05/ गर करणे 14/06/ कुंभ राशिगत चन्द्रमा घं.19मि.04पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक प्रारम्भ घं.19मि.04 से भद्रा प्रारम्भ घं.25मि.21 से।

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**वृष :** व्यस्तता बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रगति होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी कार्य के संबंध होने से प्रभाव बढ़ेगा। धन यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

# बेटी को सिखाएं ये महत्वपूर्ण बातें

बच्चों की परवरिश एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है, लेकिन जब आपकी बेटी 12 साल की हो जाती है, तो उसे कुछ महत्वपूर्ण बातें सिखाना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। इस उम्र में, बच्चे मानसिक और भावनात्मक बदलावों से गुजरते हैं और इस समय उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। आइए जानते हैं कि इस उम्र में अपनी बेटी को कौन सी महत्वपूर्ण बातें सिखानी चाहिए।

**भावनाओं के बारे में खुलकर बात करना :** जब आपकी बेटी 12 साल की हो जाती है, तो उसे अपनी भावनाओं के बारे में खुलकर बात करने की आदत डालनी चाहिए। इस उम्र में बच्चे अपने भावनात्मक मुद्दों के बारे में स्पष्टता से सोचने लगते हैं और उनके मन में कई सवाल होते हैं। उन्हें यह सिखाना जरूरी है कि वे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में संकोच न करें। खुलकर बात करने से न केवल उनका मन हल्का होगा, बल्कि वे अपने परिवार से भी अच्छे से जुड़ पाएंगे।

**विश्वास करने योग्य लोगों की पहचान :** आमतौर पर, 12 साल की उम्र में बच्चे सामाजिक संबंधों को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। इस उम्र में उन्हें यह सिखाना जरूरी है कि किस पर भरोसा किया जा सकता है और किससे दूर रहना चाहिए। उन्हें यह बताएं कि हर कोई भरोसेमंद नहीं होता और कैसे एक अच्छा दोस्त या साथी की पहचान की जा सकती है। यह सिखाना भी महत्वपूर्ण है कि किस प्रकार की जानकारी निजी रहनी चाहिए और किसे साझा किया जा सकता है।

## जर्जर पाइपलाइन से पेयजल संकट, स्टेट हाईवे व सीसी सड़कें उखड़ीं
### -- जल्द शुरू होगा नेटवर्क अपग्रेड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**रामपुरा(जालौन)।** क्षेत्र की

## खबर एक नज़र


उरई : गौपूजन करते पालिकाध्यक्ष एवं ईओ ।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर पालिकाध्यक्ष ने किया गौशाला में पौधरोपण व गौपूजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कालपी (जालौन)।** शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा गौशाला परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने अधिशाषी अधिकारी के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही गौपूजन कर गौवंशों को गुड़, चना एवं फल खिलाए गए।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर यह पौधरोपण अभियान प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। गौसेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है और गौवंशों की सेवा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल पौधे ही न लगाएं, बल्कि उनकी देखभाल भी करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक अजीत यादव, नामित सभासद रविन्द्र सिंह कोरी, सभासद प्रतिनिधि आशु बाबा, रब्बू यादव, गंगाराम प्रजापति, आशीष यादव, शरद तिवारी सहित उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पौधों की देखरेख का संकल्प लिया।

## जालौन में विधायकों व जिलाधिकारी ने गौशाला पहुंचकर की गोवंश की सेवा



स्वतंत्र भारत ब्यूरो
उरई (जालौन)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खण्ड डकोर स्थित गौशाला में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पहुंचकर गोवंश की सेवा की। उन्होंने गौवंश को गुड़ एवं चना खिलाकर गौ संरक्षण का संदेश दिया तथा गौशाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि गौशालाएं केवल आश्रय स्थल नहीं, बल्कि पशुधन संरक्षण के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। उन्होंने गोवंश की समुचित देखभाल, स्वच्छता एवं चारा-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। गौसेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज निर्माण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं में चारे, स्वच्छ पेयजल, छायादार व्यवस्था तथा पशु चिकित्सा सुविधाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश की सेवा एवं संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने भी गोवंश को गुड़-चना खिलाकर संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने गौसेवा को मानव सेवा के समान बताते हुए गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गौशाला परिसर में स्वच्छता एवं हरियाली पर विशेष बल दिया गया।

## महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनी मीना राजा



ललितपुर। आम आदमी पार्टी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम यादव की संस्तुति पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मीना राजा को बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालायें व मिठाई वितरण कर स्वागत किया, जिसमें क्षेत्र से आई आदिवासी महिलाओं ने भी माला पहनाकर स्वागत किया व प्रसन्नता पूर्वक मिष्ठान वितरण हुआं।

## मण्डलायुक्त आज आयेंगे जनपद व करेंगे परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण

ललितपुर। मण्डलायुक्त झांसी बिमल कुमार दुबे शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी के रूप में आज जनपद ललितपुर के भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार आज पूर्वान्ह 10.30 बजे अधिक लागत की दो निर्माण कार्यो व परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण व तहसील ललितपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे व अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मंत्री समूह के जनपदीय भ्रमण उपरान्त निरीक्षण आख्या पर समीक्षा बैठक व सीएम डैशबोर्ड पर उपलब्ध प्रमुख योजनायें एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा व अपरान्ह 6 बजे जनपद झांसी के लिये प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी झांसी मण्डल संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र केसरवानी ने दी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने किया वृक्षारोपण

रामपुरा (जालौन)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री ओमप्रकाश वर्मा ने कान्हा गौशाला पहुंचकर वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। स्वच्छ वातावरण, शुद्ध वायु और संतुलित प्रकृति के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर कान्हा गौशाला में गौमाता को गुड़ और चना खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा गौमाता की सेवा से समाज में करुणा, सेवा और संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है।

इस अवसर पर उपस्थितसभासद ने भी पर्यावरण संरक्षण और गौसेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण एवं गौसेवा के माध्यम से समाज को प्रकृति और जीवों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का प्रेरणादायी संदेश दिया गया।

## एक पेड़-माँ के नाम' अभियान के तहत जालौन में रोपे गए 10 लाख से अधिक पौधे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित 'एक पेड़-माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जनपद जालौन में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकास खण्ड डकोर के ग्राम मोहम्मदाबाद में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्य कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन का आधार नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व से भी सीधे जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि ष्एक पेड़-माँ के नामष् अभियान मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम है। उन्होंने जनपदवासियों से


उरई : पौधारोपण करते डीएम,एसपी व विधायक ।

अधिकाधिक वृक्षारोपण कर इस जन अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया।

कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों और स्वयंसेवी संगठनों से पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के सभी विकास खण्डों, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अमृत सरोवरों, तालाबों, गौशालाओं, सड़कों, नदी एवं नहरों के किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर 10 लाख 37 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय एवं पारंपरिक प्रजातियों के साथ-साथ फलदार वृक्षों के रोपण को विशेष प्राथमिकता दी गई, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जैव विविधता को भी मजबूती मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए संबंधित विभागों को नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कोंच(जालौन)** । नगर में दिन शुक्रवार को पर्यावरण दिवस के अवसर हरित क्रांति का संदेश देते हुए ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के तहत हाटा स्थित सेल्टर होम के सामने बने पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



इस अवसर पर विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए उन्होंने कहा कि ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है बल्कि मातृत्व के सम्मान का भी संदेश देता है इसी कड़ी मेंपालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करेंकार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया वक्ताओं ने कहा कि हरियाली बढ़ाने से न केवल वातावरण शुद्ध होता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायक मूलचन्द्र निरंजन पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ताअम्बरीष महाराज अंजू अग्रवाल आनन्द सकेरे विनोद सोनी गौरव तिवारी राजेश्वरी यादव सीमा अहिरवार अनिल कपूर रवि कुशवाहा शिवसिंह कुशवाहा प्रदीप वर्मा राघवेंद्र निरंजन जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे सभी ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने किया वृक्षारोपण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**रामपुरा (जालौन)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड रामपुरा के ग्राम कंजौसा में ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी अभियान ष्एक पेड़ माँ के नामष् के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल धरती की सुंदरता बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और संतुलित पर्यावरण का आधार भी हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है।

ब्लॉक प्रमुख ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण का अभियान सफल हो सकता है तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## अघोषित बिजली व बढ़ाई जा रही दरों को समाप्त करने हेतु आम आदमी पार्टी ने भेजा राज्यपाल को ज्ञापन



ललितपुर। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश में भीषण बिजली संकट, अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली दरों, स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियां एवं जनता विरोधी विद्युत नीतियो के संबंध में ज्ञापन राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश शासन को भेजकर वर्तमान समय में भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश के अनेक जिलों में 22 से 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की घटनायें सामने आ रही है व सरकार द्वारा बिजली व्यवस्था सुधारने के दावों की वास्तविकता प्रदेश की जनता प्रतिदिन भुगत रही है व स्मार्ट मीटर व्यवस्था ने भी उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ा दी है, लेकिन सरकार द्वारा प्रभावी समाधान नहीं किया जा रहा है, अतः आम आदमी पार्टी ने आपके माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग की है कि अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये, इसी प्रकार बिजली दरों में किसी भी प्रकार की गई वृद्धि पर तत्काल रोक लगाई जाये व जनता को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध करायी जाये व आशा है कि आप प्रदेश की करोड़ों जनता की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुये तत्काल हस्तक्षेप करेंगी व सरकार को आवश्यक निर्देश प्रदान करेंगी। ज्ञापन पर हजारीलाल राजपूत, हरीबाई राजपूत, रामदेव एडवोकेट, मीना राजा, अंकित कुमार, जगदीश, राकेश कुमार, विवेक जैन, अनूप ताम्रकार, देव सिंह, कैलाशनारायण, अनुराग सिंह, शशिकान्त सिंह, रानू कुमार, हरेन्द्र कुमार झा, दिग्विजय सिंह लोधी आदि के हस्ताक्षर मौजूद थे।

## 'विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता-मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय'

**-जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश'**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** मा0 खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री मनोज कुमार पाण्डेय जी ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जनपद में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की मंशा है कि विकास और जनकल्याण की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभाग संवेदनशीलताए पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।मा0 मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी नीतियां एवं लोककल्याणकारी कार्यक्रम समाज के गरीबए किसानए महिलाए युवा एवं वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।मा0 मंत्री जी ने सड़कए पेयजलए विद्युतए स्वास्थ्यए शिक्षाए कृषिए राजस्वए ग्राम्य विकासए नगरीय विकास एवं अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।



बैठक में मा0 विधायक सदर गौरी शंकर वर्माए मा0 विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजनए मा0 जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उर्विजा दीक्षितए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेयए पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं पर विशेष जोर

**-मण्डलायुक्त ने दिए वृक्षारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के निर्देश**

**ललितपुर।** अटल आवासीय विद्यालय, धौर्रा की मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक मण्डलायुक्त झांसी बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया, जबकि जिलाधिकारी सत्यप्रकाश सहित जनपद एवं मण्डल स्तरीय अधिकारियों ने एन.आई.सी ललितपुर में भौतिक रूप से उपस्थित होकर विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण को विशेष महत्व देते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में ऐसे फलदार एवं पोषणयुक्त वृक्ष लगाए जाएँ जो बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन में सहायक हों व उन्होंने सहजन, आंवला, अमरूद, चीकू, नींबू तथा कटहल जैसे वृक्षों के रोपण पर बल दिया व सुनिश्चित करने को कहा कि वृक्षारोपण से खेल मैदान की उपयोगिता प्रभावित न हो। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि विद्यालय के समीप लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में खेल मैदान विकसित किया जा रहा है व निर्देश दिये गये हैं कि मैदान की बाउंड्री निर्माण के उपरांत उसकी परिधि में व्यापक वृक्षारोपण कराया जाए। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए गए। विद्यालय भवनों एवं आवासीय परिसरों के वार्षिक रखरखाव की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने विद्युत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया व निर्देशित किया कि परिसर में कहीं भी खुले विद्युत तार, स्विच अथवा प्लग न रहें व सभी विद्युत उपकरणों का नियमित निरीक्षण कर विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए व विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर मण्डलायुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालय में प्रत्येक माह नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाये व इन शिविरों में एलोपैथिक चिकित्सकों के साथ-साथ आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा भोजन की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप श्रम आयुक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।



## पर्यावरण संरक्षण हेतु युवा पीढ़ी सजग प्रहरी के तौर पर आगें आए-प्राचार्य गजेन्द्र नाथ

राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन राजकीय महाविद्यालय में हुआ विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का हुआ आगाज



तालबेहट। महाविद्यालय व ग्राम पंचायत बम्होरीसर के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य गजेन्द्र नाथ के नेतृत्व में बम्होरी प्रधान प्रतिपाल सिंह, ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती मनीषा वर्मा, कॉर्डिनेटर ब्रजेश पस्तोर, भगवान सिंह व महेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी नीरज, साक्षी लोधी, मुस्कान, निनी चैरसिया एवं सोनू आदि ने महाविद्यालय प्रांगण में पौधा रोपण कर एक पौधा मां के नाम जैसे पावन पुनीत कार्य को सफल बनाने का प्रण लिया। प्राचार्य गजेन्द्र नाथ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध कार्यक्रम आज से आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक वृहत स्तर पर आयोजित कर समाज में जनजागरूकता लाकर आम जन मानस को प्रेरित करने की मुहिम चलाई जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुड़े युवाओं की महती भूमिका अपेक्षित हैं। ग्राम प्रधान प्रतिपाल सिंह व ग्राम विकास अधिकारी मनीषा वर्मा ने भी सभी से पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील की। इस अवसर पर अभिमन्यु, संजय, कुमकुम, शिवानी, मंजुल पुरोहित, हिना, निशा, प्रिया,अंशुल, बबीता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# रूस-अमेरिका फिर आमने-सामने

**वॉशिंगटन/मॉस्को।** भारत को लेकर रूस और अमेरिका के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। एक तरफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने

- ट्रंप बोले- भारत ने वर्षों तक हमारा फायदा उठाया
- पुतिन ने बताया भरोसेमंद साझेदार

भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की खुलकर तारीफ की है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाने और अमेरिका का फायदा उठाने का आरोप लगाया है। दोनों महाशक्तियों के बयानों ने साफ कर दिया है कि दुनिया की बड़ी ताकतें भारत को अपने-अपने नजरिए से देख रही हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग में अंतरराष्ट्रीय मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि रूस भारत के साथ अपने पुराने और



भरोसेमंद रिश्तों को और मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और तेजी से विकास कर रहा है। पुतिन ने दावा किया कि पश्चिमी देशों और अमेरिका की ओर से भारत पर रूस से दूरी बनाने के लिए डाला गया दबाव बेअसर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत पर दबाव डालना अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए नुकसानदायक है। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस और भारत के बीच व्यापार आने वाले वर्षों में 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।
पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि किसी संयोग का नतीजा नहीं है, बल्कि यह मोदी सरकार की मेहनत का परिणाम है। रूसी राष्टपति ने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देता है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत के अमेरिका के साथ अच्छे संबंध होने से रूस को कोई परेशानी नहीं है। पुतिन ने भारत को विश्वसनीय साझेदार बताते हुए कहा कि रूस भारत के साथ हर क्षेत्र में संबंध बढ़ाता रहेगा। पुतिन के बयान को ऐसे समय में अहम माना जा रहा है जब पश्चिमी देश लगातार भारत से रूसी तेल खरीद कम करने की अपील कर रहे हैं।
दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को लेकर सख्त बयान दिया। ट्रंप ने कहा कि भारत ने वर्षों तक अमेरिका की नीतियों का फायदा उठाया और अमेरिकी सामान पर भारी टैरिफ लगाए। हालांकि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना अच्छा दोस्त भी बताया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द व्यापार समझौता हो सकता है क्योंकि दोनों नेताओं के बीच अच्छे संबंध हैं। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अब हालात बदल रहे हैं और अमेरिका भारत के साथ व्यापार में ज्यादा कमाई कर रहा है।

## भारत को मिला रूस से बड़ा ऑफर

**पुतिन बोले- एसयू-57 लड़ाकू विमान कार्यक्रम पर साथ काम करने को तैयार**

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा रक्षा प्रस्ताव दिया है। सेंट पीटर्सबर्ग में वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों से बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि रूस भारत के साथ सुखोई स्ह्व-57 लड़ाकू विमान कार्यक्रम पर मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने स्ह्व-57 को दुनिया का सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान बताया और कहा कि रूस को भारत के साथ तकनीक साझा करने में कोई दिक्कत या सीमा नहीं है। इस बयान को भारत-रूस रक्षा संबंधों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। पुतिन ने कहा कि रूस ने भारत को पांचवीं पीढ़ी की तकनीक पर साथ काम करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि स्ह्व-57 विमान संयुक्त परियोजना भी बन सकता था। हालांकि रूस ने इसे खुद विकसित किया, लेकिन अब भी भारत के साथ इस कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि रूस भारत के साथ एयर डिफेंस सिस्टम पर भी काम करना चाहता है।

## एनबीए फाइनल में पहुंचेगा ट्रंप का काफिला

**न्यूयॉर्क निक्स को सपोर्ट करने स्टेडियम जाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप अगले सप्ताह न्यूयॉर्क में होने वाले एनबीए फाइनल मुकाबले में शामिल हो सकते हैं। ट्रंप ने खुद कहा है कि वह अपनी पसंदीदा टीम न्यूयॉर्क निक्स को समर्थन देने के लिए मैडिसन स्क्वायर गार्डन पहुंचेंगे। टीम के मालिक जेम्स डोलन के निमंत्रण के बाद ट्रंप ने यह फैसला लिया है। माना जा रहा है कि वह मौजूदा राष्ट्रपति रहते हुए एनबीए फाइनल देखने पहुंचने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन सकते हैं। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वह न्यूयॉर्क निक्स के बड़े प्रशंसक हैं। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को होने वाले गेम-3 में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह बुधवार को होने वाले गेम-4 में भी जा सकते हैं।

## मोजतबा खामेनेई के साथ मुलाकात के लिए ट्रंप तैयार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्धविराम के बीच ईरान के सुप्रीम नेता मोजतबा खामेनेई के साथ मुलाकात की बात कही है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान क`



साथ जारी कूटनीतिक प्रयास किसी समझौते तक पहुँचते हैं, तो उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई से मिलने में सम्मान महसूस होगा।

- बोले जल्द खोल दिया जाएगा होर्मुज जलमार्ग

ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, ऐसी किसी भी मुलाकात का आयोजन अत्यंत सम्मानजनक तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुझे मिलना पड़ा, तो मुझे उनका सम्मान होगा। लेकिन अगर हम कोई समझौता करते हैं, तो यह संभव है कि मैं उनसे मिलूं। मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं होगी। ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि वह किसी भी मुलाकात में सम्मान के साथ पेश आएंगे और खामेनेई को शायद एक पेशेवर बताया, जिनकी कुछ हलकों में बहुत अच्छी प्रतिष्ठा है। ईरानी नेता के संबंध में अपनी टिप्पणी को स्पष्ट करते हुए ट्रंप ने कहा, कुछ लोग बुरा कहते हैं, लेकिन बहुत से लोग मेरे बारे में बुरा कहते हैं। निश्चित रूप से यह पूरी तरह से गलत है।
डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते का मुख्य हिस्सा यह होगा कि ईरान कोई परमाणु हथियार नहीं रख सकेगा। ट्रंप ने इस बात को दोहराया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार पर नियंत्रण कर सकता है, यदि वह ऐसा करना चाहे। हालांकि, उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे दावा किया कि ईरान ने यूरेनियम का संवर्धन बंद कर दिया है और अमेरिकी अधिकारी इस सामग्री की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। ट्रंप ने फिर कहा कि होर्मुज को जल्द दुनिया के लिए खोल दिया जाएगा।

## केंद्रीय बैंकों ने अप्रैल में खरीदा 17 टन सोना

**नई दिल्ली।** वैश्विक सराफा बाजार और अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के बीच दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का झुकाव फिर सुरक्षित निवेश के

- भारत ने बनाई दूरी; चीन और पोलैंड सबसे आगे

लिए सोने की तरफ बढ़ गया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बड़े पैमाने पर सोना बेचने के बाद केंद्रीय बैंक अप्रैल में फिर शुद्ध खरीदार बन गए। केंद्रीय बैंकों ने अप्रैल में शुद्ध रूप से 17 टन सोने की खरीद की। हालांकि, भारत ने खरीद से दूरी बनाए रखी। नेशनल बैंक ऑफ पोलैंड दुनिया का सबसे बड़ा खरीदार रहा, जिसने अकेले 14 टन सोना खरीदा। चीन के पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अपने रिजर्व में 8 टन सोना जोड़ा। दिसंबर, 2024 के बाद से यह चीन की सबसे बड़ी मासिक खरीद है। वह लगातार 18 महीनों से सोना खरीद रहा है, जिससे उसका कुल स्वर्ण भंडार 2,322 टन हो गया है। चेक गणराज्य ने लगातार 38वीं मासिक खरीद करते हुए दो टन सोना जोड़ा। मौजूदा संकट के बीच एक तरफ दुनियाभर के केंद्रीय बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, वहीं आरबीआई ने अप्रैल में कोई खरीदारी नहीं की। आरबीआई ने 2026 में अब तक सिर्फ मार्च में 200 किलोग्राम सोना खरीदा है। इससे पहले 2025 में 4.2 टन और 2024 में रिकॉर्ड 72.6 टन सोना खरीदा था। अभी आरबीआई का स्वर्ण भंडार 880.52 टन पर स्थिर है।

## अमेरिकी पत्रकार ने कोर्ट में कबूला गुनाह, जिनपिंग तक पहुंचती थी रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक चौंकाने वाले मामला सामने आया है। चीन में लंबे समय से रह रहे अमेरिकी पत्रकार थॉमस पाउकेन द्वितीय ने अदालत में स्वीकार किया है कि वह बिना कानूनी अनुमति के चीनी सरकार के एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, पाउकेन ने चीन के लिए



जानकारी जुटाने और प्रभावशाली लोगों से संपर्क स्थापित करने का काम किया। दोषी करार दिए जाने के बाद उन्हें 1 सितंबर को सजा सुनाई जाएगी और उसे अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है। पाउकेन 2010 से चीन में रह रहे थे और वहां कई सरकारी मीडिया संस्थानों के साथ काम कर चुके हैं। वह अपने पिता से अलग पहचान बनाने के लिए टॉम मैकग्रेगर नाम से लेख लिखते थे। उनके पिता टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। जांच एजेंसियों के मुताबिक, पाउकेन कम से कम 2019 से चीनी एजेंटों के संपर्क में था। वह कैथी नाम की एक महिला के लिए रिपोर्ट तैयार करते थे, जिसे वह चीन की सुरक्षा एजेंसियों से जुड़ा मानते थे। आरोप है कि 2019 से 2025 के बीच उसे इन रिपोर्टों के बदले करीब एक लाख डॉलर और अमेरिका की कई प्रायोजित यात्राएं मिलीं। पाउकेन का दावा था कि उनकी रिपोर्टें सीधे चीनी राष्टपति शी जिनपिंग तक पहुंचती थीं।

## 'अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई तो फिर भड़क सकती है जंग'

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचा है और यदि अमेरिकी सैनिकों पर हमला हुआ तो अमेरिका कड़ी प्रतिक्रिया देने से पीछे नहीं हटेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सैन्य स्थिति को लेकर कहा कि देश की नौसैनिक और वायु शक्ति को बड़ा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के कई सैन्य संसाधन अब प्रभावी स्थिति में नहीं हैं। ट्रंप ने मीडिया रिपोर्टों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कुछ खबरों में ईरान को युद्ध में मजबूत स्थिति में दिखाया जा रहा है, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। उनके अनुसार, ईरान की सैन्य संरचना को भारी क्षति पहुंची है। ईरान के साथ संभावित संघर्ष के सवाल पर ट्रंप ने स्पष्ट संकेत दिया कि अमेरिका अपने सैनिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

## क्यूबा के राष्ट्रपति पर अमेरिका ने लगाए नए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल, उनकी पत्नी

- ट्रंप बोले- इस मुद्दे को हम संभालेंगे

और कई बड़े अधिकारियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका ने यह कदम क्यूबा की सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया है। इन प्रतिबंधों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आ गई है।
क्यूबा ने अमेरिका के इस फैसले को अपनी संप्रभुता पर हमला और खुली दखलअंदाजी बताया है। अमेरिका ने जिन लोगों पर कार्रवाई की है, उनमें पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो के बेटे एलेजांद्रो कास्त्रो एस्पिन और उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।



अमेरिकी सरकार ने इन सभी की अमेरिका में मौजूद संपत्तियों और बैंक खातों को फ्रीज करने का फैसला किया है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इन नेताओं की अमेरिकी वित्तीय व्यवस्था में बहुत कम हिस्सेदारी है। इसके बावजूद इस कदम को ट्रंप प्रशासन की कड़ी राजनीतिक चेतावनी माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार क्यूबा की सरकार पर सख्त रुख अपनाए हुए हैं। जनवरी में वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को हटाने के बाद ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा पर ऊर्जा नाकेबंदी भी लागू की थी। इससे क्यूबा में ईंधन संकट, बिजली कटौती और खाद्य संकट और गहरा गया। ट्रंप ने कहा कि क्यूबा पहले से ही लगभग टूट चुका है और अमेरिका इस मुद्दे को भी संभालेगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्यूबा के पास सुंदर जमीन और पर्यटन की बड़ी संभावनाएं हैं, लेकिन वहां की सरकार देश को सही तरीके से नहीं चला रही।

## एक नज़र

### ईरान के परमाणु ठिकानों तक नहीं पहुंच पा रही यूएन एजेंसी

**जताई गंभीर चिंता**

**वियना (ऑस्ट्रिया)।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सदस्य देशों के बीच प्रसारित एक गोपनीय रिपोर्ट में एजेंसी ने कहा है कि पिछले जून में हुए युद्ध से प्रभावित ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने में उसे अब तक सफलता नहीं मिली है। आईएईए के अनुसार, वह यह जानकारी देने की स्थिति में नहीं है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम का वर्तमान भंडार कितना है, उसकी संरचना क्या है और उसे कहां रखा गया है। एजेंसी यह भी पुष्टि नहीं कर पा रही है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन से जुड़ी सभी गतिविधियां रोकी हैं या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है। आईएईए ने जोर देकर कहा कि ईरान के लिए अपनी संधि संबंधी जिम्मेदारियों को तत्काल और पूरी तरह लागू करना अनिवार्य और अत्यावश्यक है। फरवरी में जारी पिछली रिपोर्ट के बाद से आईएईए निरीक्षकों ने ईरान में केवल बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का ही दौरा किया है। यह निरीक्षण 1 से 3 जून के बीच किया गया था। बुशेहर में संचालित रिएक्टर रूस से प्राप्त 4.5 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का उपयोग करता है, जो बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक निम्न स्तर का संवर्धन माना जाता है।

### कुवैत एयरपोर्ट पर हमले के आरोपों से ईरान का इनकार

**कहा- पैट्रियट मिसाइल सिस्टम की खराबी से हुआ नुकसान**

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में ईरान की भूमिका से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि तेहरान की सैन्य जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि एयरपोर्ट की ओर कोई ईरानी मिसाइल नहीं दागी गई थी। उन्होंने दावा किया कि एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ, जिसके इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य भेदने में असफल रहने के बाद टर्मिनल क्षेत्र में गिर गए। आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में फतहाली ने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक क्षमताओं का उपयोग करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुवैत और बहरीन द्वारा अपने क्षेत्र और सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हमलों के लिए करने देना अंतरराष्टीय कानून और अच्छे पड़ोसी संबंधों का उल्लंघन है। राजदूत ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और विवादों के समाधान के लिए हमेशा कूटनीति और संवाद का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि 8 अप्रैल को घोषित युद्धविराम का अमेरिकी बलों ने कई बार उल्लंघन किया, जिसके जवाब में ईरान ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत कार्रवाई की।

### किम जोंग ने दिखाई नई परमाणु फैक्टरी

**हथियारों का जखीरा बढ़ाने का किया एलान. यूएस-दक्षिण कोरिया की बढ़ी चिंता**

**सियोल।** परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने के लिए उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को इनका ईंधन बनाने वाले एक नए संयंत्र का खुलासा किया है। वहीं, तानाशाह किम जोंग उन ने देश की परमाणु ताकत तेजी से बढ़ाने की कई योजनाओं का भी एलान किया। इससे दक्षिण कोरिया, अमेरिका समेत कई प्रतिद्वंदी देशों की चिंता बढ़ गई है। उत्तर कोरियाई सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह संयंत्र पहले से अधिक उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करता है लेकिन इसकी जगह और शुरू होने की तारीख नहीं बताई। हालांकि केसीएनए की जारी तस्वीरों में एक बड़े हॉल में हथियार-स्तर का यूरेनियम तैयार करने के लिए बड़ी संख्या में सेंट्रीफ्यूज मशीनें दिखाई दी हैं। किम ने बुधवार को संयंत्र के दौरे के दौरान कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया जैसे सबसे आक्रामक दुश्मनों के साथ बढ़ते टकराव से देश की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मात्रा और गुणवत्ता दोनों में मजबूती देना जरूरी हो गया है। उन्होंने अन्य वैश्विक संकटों और सुरक्षा चुनौतियों का भी हवाला दिया। उन्होंने दावा किया कि बीते पांच साल में देश की हथियार- स्तर परमाणु सामग्री उत्पादन क्षमता दोगुने से अधिक बढ़ चुकी है।

### जेलेंस्की ने पुतिन को लिखा खुला पत्र

**तटस्थ देश में आमने-सामने बातचीत का दिया प्रस्ताव**

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक सार्वजनिक पत्र लिखकर सीधे आमने-सामने बातचीत का प्रस्ताव दिया है। वर्ष 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किए जाने के बाद यह पहला मौका है जब जेलेंस्की ने पुतिन को सार्वजनिक रूप से संबोधित करते हुए पत्र लिखा है। अपने पत्र में जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए दोनों नेताओं के बीच सीधी बातचीत जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह बैठक किसी तटस्थ देश में आयोजित की जा सकती है। इसके लिए उन्होंने स्विट्जरलैंड, तुर्किये या किसी अरब देश का नाम संभावित मेजबान के रूप में लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत न तो मॉस्को में होनी चाहिए और न ही कीव में। जेलेंस्की ने लिखा कि बड़े और महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हमेशा देशों के नेता ही करते हैं। उन्होंने पुतिन से ऐसी बैठक के लिए एक निश्चित तारीख तय करने की अपील भी की। यूक्रेनी राष्टपति ने कहा कि केवल अमेरिका पर निर्भर रहकर युद्ध समाप्त होने का इंतजार करना सही नहीं होगा।

### क्रोएशिया में विमान हादसा, चार लोगों की मौत

**क्रोएशिया।** क्रोएशिया में बृहस्पतिवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। हादसा इस्त्रिया प्रायद्वीप के मेडुलिन शहर के पास हुआ। सरकारी समाचार एजेंसी हिना के अनुसार, यह एक जर्मन विमान था और इसने ऑस्ट्रिया से उड़ान भरी थी। स्थानीय पायलट नियाज डेलिक ने बताया कि विमान हवा में चक्कर खाते हुए ज़मीन पर आ गिरा। दुर्घटनास्थल की तस्वीरों में विमान का मलबा एक खेत में बिखरा दिख रहा है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं। अभी स्पष्ट नहीं है कि विमान में कुल कितने लोग सवार थे।

## अमेरिका को दुनियाभर के संघर्षों में उलझा रहे राष्ट्रपति ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** डोनाल्ड ट्रंप 2024 में चुनाव जीतने से पहले तक लगातार अमेरिकी जनता से नए-नए वादे करते आ रहे थे। फिर चाहे अमेरिका को नई आर्थिक ऊंचाइयों पर ले

- एशिया से अफ्रीका तक उतारी सेना
- वादों से भी पलटते जा रहे

जाने का वादा हो या फिर अमेरिकी जनता को महंगाई से बचाने का। इन अधिकतर वादों में से कई पर या तो काम जारी है या स्थितियां ट्रंप के अनुकूल नहीं हैं। हालांकि, एक वादा जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति अब तक खुद ही पलटते दिखे हैं, वह वादा है अमेरिका को दुनियाभर में जारी संघर्षों से निकालने का। अगर आंकड़ों पर गौर किया जाए तो सामने आता है कि ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका संघर्षों से निकलने के बजाय कुछ और नए युद्ध में उलझता ही चला गया। ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने से पहले और इस दौरान दुनियाभर के युद्ध से अमेरिका को निकालने पर क्या वादे किए थे? कैसे ट्रंप धीरे-धीरे इन वादों से लगातार पलटे हैं? फिलहाल अमेरिका की सैन्य मौजूदगी को ट्रंप ने किस तरह बढ़ाया है? कैसे ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में भी कुछ ऐसे ही वादे तोड़े थे? डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी पेश करने के साथ चुनाव प्रचार के दौरान खुद को शांति के उम्मीदवार के रूप में पेश किया था और अमेरिका को विदेशी युद्धों से बाहर निकालने को लेकर कई बड़े और स्पष्ट वादे किए थे।
अनंत संघर्षों का अंत : ट्रंप ने एक दशक तक लगातार यह वादा किया कि वह पश्चिम एशिया के लंबे संघर्षों और खत्म न होने वाले संघर्षों को रोकेंगे। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के शासन में जॉर्ज बुश की तरफ से




शुरू किए गए इराक युद्ध को एक बड़ी गलती करार दिया था। ट्रंप का कहना था कि इसने पूरे पश्चिम एशिया को अस्थिर कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे देशों के मामलों में दखल और अराजकता की नीतियों को खत्म करने की बात कही थी।
अमेरिका फर्स्ट नीति और घरेलू फोकस : ट्रंप की नीति का मुख्य मंत्र यह था कि अमेरिका को विदेशी सैन्य अभियानों और अन्य देशों की राजनीतिक लड़ाइयों में अपना खजाना और सैनिकों का खून नहीं बहाना चाहिए। उनका वादा था कि वह विदेशों की बजाय अमेरिका की घरेलू समस्याओं और प्राथमिकताओं पर संसाधनों को खर्च करेंगे। उन्होंने पश्चिम एशिया में खरबों डॉलर खर्च होने और हजारों जानें जाने पर कई बार दुख जताया।
अहम संघर्षों को तुरंत खत्म करने का दावा : एक उम्मीदवार के रूप में ट्रंप ने अपनी समझौता कराने की क्षमताओं का हवाला देते हुए दावा किया था कि वह पदभार ग्रहण करने के पहले ही दिन रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कर देंगे। इसके अलावा उन्होंने गाजा युद्ध को भी तेजी से खत्म करने का वादा किया था।
अमेरिकी सेना को बेवजह न उलझाना : उन्होंने वादा किया था कि वह अपनी सेना को उन विदेशी इलाकों में लड़ने के लिए भेजकर कमजोर नहीं करेंगे, जहां अमेरिका का सीधा कोई मतलब नहीं है। ट्रंप का वादा था कि अमेरिकी सैनिकों को अब सिर्फ अमेरिकी सुरक्षा में ही लगाया जाएगा, न कि दूसरे देश के युद्धों में। अपने वादों से उलट डोनाल्ड ट्रंप ने बीते डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में अमेरिका को कई नई जंगों में उलझाया है। इस वह अमेरिका के पड़ोस में लातिन अमेरिकी क्षेत्र से लेकर एशिया तक में जारी युद्ध में अमेरिकी सैन्य शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं और लगातार तैनाती बढ़ाते आए हैं।

बाजार दर्पण

